उन्होंने बताया कि इसके तहत रीको और नॉन रीको, दोनों प्रकार के आद्योगिक क्षेत्रों में सीईटीपी की स्थापना के लिए लाभ मिल सकेगा। रीको औद्योगिक क्षेत्र में रीको एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा तथा नॉन- रीको औद्योगिक क्षेत्रों में राजस्थान सरकार एवं राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा वित्तीय सहायता दी जाएगी।

**पुरानी योजना का भी दायरा बढ़ाया, अब 100 करोड़ रुपये का अनुदान, नॉन रीको औद्योगिक क्षेत्र भी पात्रः** एसीएस अग्रवाल ने बताया कि विभाग की सीईटीपी स्थापना से जुड़ी एक और योजना संचालित है, जिसके तहत किस्तों के बजाए एक बार में ही अनुदान देने का प्रावधान है। इसके तहत दिए जाने वाले अनुदान को परियोजना लागत का 75 प्रतिशत या अधिकतम 75 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 100 करोड़ रुपये कर दिया गया है। साथ ही, नॉन-रीको आद्योगिक क्षेत्रों को भी इसमें शामिल किया गया है।

प्रोपर्टी

दैनिक
बिज़नेस रेमेडीज
व्यापार एवं विकास की आवाज़

प्रकाशक एवं मुद्रक पुनीत जैन द्वारा सिंघवी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर नं.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित एवं 217, सैकंड फ्लोर, ओके प्लस स्क्वायर, सेक्टर 7, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित।

संपादक : पुनीत जैन
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)
मो. 9929106227
ई-मेलः remediesbusiness@gmail.com

डिसक्लेमर

बिज़नेस रेमेडीज़ का उद्देश्य अपने पाठकों को व्यापार और विकास से जुड़ी सटीक, उपयोगी और भरोसेमंद जानकारी प्रदान करना है। हम प्रकाशित सामग्री की विश्वसनीयता बनाए रखने का पूरा प्रयास करते हैं, लेकिन किसी लेख में व्यक्त विचार हमेशा संपादकीय टीम की राय से मेल नहीं खा सकते। इसलिए पाठकों से निवेदन है कि किसी भी जानकारी पर आधारित निर्णय लेते समय अपने विवेक का इस्तेमाल करें। प्रकाशित सामग्री के आधार पर लिए गए किसी निर्णय या कार्यवाही की जिम्मेदारी यह प्रकाशन नहीं लेता। इस प्रकाशन में दिखाए गए सभी विज्ञापन पूरी तरह से संपादकीय सामग्री से स्वतंत्र होते हैं। विज्ञापनों में किए गए दावों या दी गई जानकारी की पुष्टि या समर्थन बिज़नेस रेमेडीज़ द्वारा नहीं किया जाता। विज्ञापन से संबंधित किसी भी जानकारी या शिकायत की पूरी ज़िम्मेदारी संबंधित विज्ञापनदाता की होगी। यहां प्रकाशित सभी लेख, रिपोर्ट और सामग्री चाहे वे स्टाफ लेखक, समाचार एजेंसियों या अतिथि लेखकों द्वारा दी गई हो, बिज़नेस रेमेडीज़ की बौद्धिक संपदा हैं। बिना पूर्व लिखित अनुमति के किसी भी सामग्री का दोबारा प्रकाशन, वितरण या प्रसारण करना कानूनन वर्जित है।

# देश के 75 प्रमुख शहरों में बीते वित्त वर्ष घरों की बिक्री 16 प्रतिशत बढ़ी

## 'लियासेस फोरास रियल एस्टेट रेटिंग एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड' के अनुसार

नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज़

भारत के 75 प्रमुख शहरों में वित्त वर्ष 2025-26 में घरों की बिक्री 16 प्रतिशत बढ़कर 9.33 लाख करोड़ रुपए हो गई, जबकि ग्राहकों को बेचे गए घरों की संख्या में मामूली एक प्रतिशत की गिरावट आई। लियासेस फोरास ने यह जानकारी दी।

'लियासेस फोरास रियल एस्टेट रेटिंग एंड रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड' ने भारत के 75 आवास बाजारों के आंकड़े जारी किए। आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में घरों की बिक्री की संख्या एक प्रतिशत घटकर 7,09,793 इकाई रह गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 7,19,029 थी। मूल्य के हिसाब से पिछले वित्त वर्ष 9,32,965 करोड़ रुपए बिक्री हुई, जो 16 प्रतिशत की वृद्धि है। पिछले वित्त वर्ष में इन 75 शहरों में नए घरों की आपूर्ति 10 प्रतिशत बढ़कर 6,20,842 इकाई हो गई।

लियासेस फोरास ने कहा कि आर्थिक चिंताओं के बावजूद 75 से अधिक शहरों में आवास बिक्री लगभग स्थिर बनी हुई है, जबकि नए घरों की आपूर्ति में सालाना आधार पर लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे बिना बिके मकानों की संख्या में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह लगभग 12 लाख इकाई तक पहुंच गई है, जो आपूर्ति की वृद्धि को दर्शाती है।

शोध फर्म के अनुसार, शीर्ष आठ शहरों में वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान बिक्री घटकर 5,07,850 इकाई रह गई, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 5,09,211 इकाई थी। दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में बिक्री चार प्रतिशत घटकर 2,01,943 इकाई रह गई, जो पहले 2,09,818 इकाई थी।

# एआई से नौकरियां जाने का मेरा अनुमान गलत, मशीन नहीं ले सकती इंसान की जगहः सैम ऑल्टमैन

नई दिल्ली | एजेंसी

ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने मंगलवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से नौकरियां बिल्कुल खत्म होने का कोई खतरा नहीं है। साथ ही कहा कि बड़ी संख्या में एआई के चलते व्हाइट कॉलर नौकरियां जाने का जो अनुमान पहले लगाया गया था, उसे बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया था। सिडनी में कॉमनवेल्थ बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में बोलते हुए, ऑल्टमैन ने कहा कि उन्हें शुरू में उम्मीद की थी कि 2022 में चैटजीपीटी के लॉन्च के बाद एआई द्वारा प्रवेश स्तर की व्हाइट-कॉलर नौकरियों की एक बहुत बड़ी संख्या समाप्त हो जाएगी। लेकिन, इसका रोजगार पर प्रभाव अब तक अनुमान से कम गंभीर रहा है।

सीबीए के चीफ एग्जीक्यूटिव मैट कॉमिन के साथ बातचीत के दौरान ऑल्टमैन ने कहा कि मुझे यह जानकर खुशी हुई कि मेरा अनुमान गलत था। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगा था कि प्रवेश स्तर की व्हाइट-कॉलर नौकरियों के खत्म होने का असर अब तक जितना हुआ है, उससे कहीं ज्यादा होगा।

ऑल्टमैन ने कहा कि ओपनएआई ने एआई में तकनीकी प्रगति की गति के बारे में 'लगभग सही' अनुमान लगाया था, लेकिन सामाजिक और आर्थिक परिणामों के बारे में 'काफी गलत' साबित हुआ। उनके अनुसार, नौकरियों के खत्म होने को लेकर शुरुआती आशंकाएं उस समय के वास्तविक खतरे के कारण थीं।

सदस्यता कूपन



(केवल डाक या ई-मेल से प्राप्त करने के लिए)

| अवधि | अंक | सदस्यता शुल्क |
|---|---|---|
| 1 वर्ष | 358 | 1050 |

E-mail
remediesbusiness@gmail.com

नामः ..............................
पताः ..............................
..............................पिनकोड..............
फोनः.................. मो. ..................
ड्राफ्ट/चैक का विवरणः ..............................
ई-मेलः ..............................

बिजनेस रेमेडीज प्राप्त करने के लिए सदस्यता शुल्क बैंक अकाउंट में जमा कराये या सदस्यता फार्म भरकर चैक/डीडी के साथ कार्यालय पर भिजवायें।
Bank Account:- Business Remedies
A/c No. 61233949765 Bank Name: SBI
पताः- 217, सैकंड फ्लोर, ओके प्लस स्क्वायर, सेक्टर 7, मानसरोवर, जयपुर
फोनः- 9166611333, 9929106227

#साधारण डाक द्वारा बिजनेस रेमेडीज की डिलीवरी में अनियमितता होने पर बिजनेस रेमेडीज प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होगा।

कोरियर सुविधा
कोरियर के द्वारा बिजनेस रेमेडीज मंगवाने पर अतिरिक्त शुल्क लगेगा।

# सिवाना रिंग क्षेत्र में क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल एक्सप्लोरेशन कार्य को माइंस आरएसएमईटी और जीएसआई परस्पर सहयोग व समन्वय से देंगे गतिः एसीएस माइंस

जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़

खान एवं पेट्रोलियम विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोरा ने कहा कि सिवाना रिंग क्षेत्र में क्रिटिकल और स्ट्रेटेजिक मिनरल्स के एक्सप्लोरेशन कार्य को और अधिक गति देने के लिए माइंस, आरएसएमईटी और जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया मिलकर कार्य करेंगे। करीब 750 वर्ग किमी के सिवाना रिंग क्षेत्र में रेयर अर्थ एलिमेंट के विपुल भण्डार के संकेत से देश के माइनिंग सेक्टर के लिए यह क्षेत्र महत्वपूर्ण हो गया है और इसके लिए इस क्षेत्र में एक्सप्लोरेशन कार्य को और अधिक गति दिये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि परस्पर समन्वय के लिए राज्य सरकार और जीएसआई की ओर से नोडल अधिकारी बनाए जाएंगे।

अपर्णा अरोरा केन्द्र सरकार द्वारा गठित ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप की 12 वीं मीटिंग की मंगलवार को झालाना स्थित जीएसआई के सभागार में अध्यक्षता कर रही थी। बैठक में केन्द्रीय खान मंत्रालय, राज्य खान विभाग के साथ ही जीएसआई, आईबीएम, एएमडी, आरएसएमईटी सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

अपर्णा अरोरा ने कहा कि राजस्थान में विपुल खनिज संपदा है। एक्सप्लोरेशन और मिनरल ब्लॉक तैयार कर ऑक्शन कार्य में तेजी ला रहे हैं। उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार की एक्सप्लोरेशन संस्थाओं से आग्रह किया कि वे एक्सप्लोरेशन कार्य को एक दूसरे को साझा करते हुए आगे बढ़े, ताकि ओवरलेपिंग की स्थिति न आए। उन्होंने खनिज पोटाश के भण्डारों की संभावनाओं को तलाशने की आवश्यकता बताई। उन्होंने जीएसआई के मिनरल संग्रहालय का भी अवलोकन किया।

जेड्ब्लूजी के सदस्य सचिव और निदेशक जीएसआई हरीश मिस्त्री ने बताया कि राजस्थान में मेजर मिनरल के ऑक्शन किये गये 136 मिनरल ब्लॉकों में से 110 ब्लॉकों में राज्य के माइंस विभाग द्वारा एक्सप्लोरेशन किया गया है वहीं जीएसआई द्वारा 22, एमईसीएल द्वारा 3 और एएमडी द्वारा एक ब्लॉक एक्सप्लोर किया गया है। इनमें सर्वाधिक 97 ब्लॉक लाइमस्टोन के ऑक्शन किए गए हैं।

जीएसआई के उपमहानिदेशक पश्चिम क्षेत्र ललित मोहन सिंह मौरा और उपमहानिदेशक राज्य इकाई विशाल साखरे ने बताया कि 4 मार्च 1851 में स्थापित जीएसआई द्वारा मिनरल एक्सप्लोरेशन बेसलाइन डेटा तैयार करने, सेटेलाइट मैपिंग आदि कार्यों के साथ ही परियोजनाओं के माध्यम से देश के मिनरल खोज कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। हाईब्रिड मोड पर आयोजित

बैठक में विशिष्ठ सचिव खान, नम्रता वृष्णि, खान मंत्रालय के निदेशक योगेन्द्र भांभू, खान निदेशक महावीर प्रसाद मीणा, अतिरिक्त निदेशक भूविज्ञान आलोक प्रकाश जैन, अधीक्षण भूवैज्ञानिक संजय सक्सैना, सुनील कुमार वर्मा, ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, निदेशक जीएसआई श्री संजय सिंह, एमईसीएल, आईबीएम, एएमडी, खान विभाग व जीएसआई के अधिकारी उपस्थित रहे।

BUSINESS

न्यूज ब्रीफ

## नेहा माहेश्वरी को पीएचडी की उपाधि



**उदयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उदयपुर की प्रतिभाओं का निरंतर परचम लहराता जा रहा है। इसी कड़ी में नेहा माहेश्वरी ने अपने उत्कृष्ट शोध कार्य के माध्यम से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए सुखाड़िया विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। नेहा माहेश्वरी को 'भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका में वायु प्रदूषण कानून एवं उनके क्रियान्वयन का तुलनात्मक अध्ययन' विषय पर शोध कार्य पूर्ण करने के उपरांत पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। यह शोध वर्तमान समय की सबसे गंभीर वैश्विक समस्याओं में शामिल पर्यावरण प्रदूषण और उससे जुड़े कानूनी प्रावधानों पर आधारित है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. प्रियदर्शी नागदा के निर्देशन में पूर्ण किया। शोध में भारत और अमेरिका के वायु प्रदूषण नियंत्रण कानूनों, पर्यावरण संरक्षण नीतियों, उनके प्रभावी क्रियान्वयन तथा दोनों देशों की व्यवस्थाओं का गहन तुलनात्मक अध्ययन किया गया। शोध के दौरान यह भी विश्लेषण किया गया कि किस प्रकार सख्त कानूनी व्यवस्था और प्रभावी निगरानी प्रणाली पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## 'हुपैथन 6.0' का सफल आयोजन

**उदयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

उदयपुर शहर के प्रमुख शॉपिंग एवं मनोरंजन केंद्र अर्बन स्क्वायर मॉल में आयोजित 'हुपैथन 6.0' ने शहरवासियों को ऊर्जा, उत्साह, स्वास्थ्य जागरूकता और मनोरंजन से भर दिया। यह भव्य आयोजन दो दिन तक निरंतर चलता रहा। पूरे 24 घंटे तक चले इस आयोजन में बच्चों, युवाओं, महिलाओं और परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा हुला हूप के माध्यम से स्वास्थ्य और फिटनेस को एक नए स्वरूप में अनुभव किया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रसिद्ध हूप फिटनेस विशेषज्ञ मीनाक्षी भेरवानी ने किया, जिन्होंने लगातार 10.5 घंटे तक हुला हूप कर एक उल्लेखनीय रिकॉर्ड अपने नाम किया। उनकी इस अद्भुत उपलब्धि ने उपस्थित सभी लोगों को आश्चर्यचकित और प्रेरित कर दिया। लगातार घंटों तक ऊर्जा और उत्साह के साथ हूप करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है, किंतु मीनाक्षी ने अपने परिश्रम, अनुशासन और स्वास्थ्य के प्रति समर्पण से यह सिद्ध कर दिया कि आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के बल पर किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। 'हुपैथन 6.0' केवल एक फिटनेस आयोजन नहीं, बल्कि मनोरंजन, सृजनात्मकता और सामूहिक उत्साह का अद्वितीय उत्सव बनकर उभरा। आयोजन के दौरान अनेक आकर्षक और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## टाइगर फाउंडेशन की चतुर्थ बैठक आयोजित



**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को अरण्य भवन में राजस्थान बाघ संरक्षण फाउंडेशन की शासी निकाय की चतुर्थ बैठक आयोजित की गई। बैठक में गत वर्ष आयोजित बैठक की अनुपालना रिपोर्ट, अंकेक्षण रिपोर्ट एवं आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। साथ ही वर्ष 2026-27 के दौरान टाइगर रिजर्व क्षेत्रों में कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों हेतु 6493 लाख रुपये की वार्षिक कार्य योजना (APO) को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। वन मंत्री संजय शर्मा ने विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं को आधुनिक स्वरूप में विकसित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने राजस्थान में वन्यजीव पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों, हवाई अड्डों एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश दिए।

# केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जवानों से किया संवाद

## बीएसएफ की सांचू पोस्ट पर प्रहरी सम्मेलन का आयोजन, 14 महिला बैरकों का किया ई-लोकार्पण

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारे सीमा प्रहरी तेज बारिश, अधिक तापमान, घने जंगल, बर्फीली चोटियों जैसी कठोर परिस्थितियों में देश की सुरक्षा करते हैं। वे कर्तव्यपरायणता, वीरता, साहस और सर्वोच्च बलिदान की भावना के साथ देश की सीमा पर मुस्तैदी से तैनात रहते हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी बीएसएफ के जवानों ने सीमावर्ती जिलों के नागरिकों का हौसला बनाए रखा और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने आश्वस्त किया कि केन्द्र सरकार भारतीय सीमाओं पर तैनात बीएसएफ को आधुनिकतम तकनीक एवं बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराएगी।

केन्द्रीय गृह मंत्री मंगलवार को बीकानेर स्थित अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की सांचू पोस्ट पर प्रहरी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी साथ मौजूद रहे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सीमा सुरक्षा के परिदृश्य में आमूलचूल परिवर्तन किया है। सेना और बीएसएफ का आधुनिकीकरण किया गया है। वहीं, सुरक्षा की दृष्टि से अत्याधुनिक उपकरण और संसाधन उपलब्ध करवाए गए हैं तथा आतंकवादियों को मुहतोड़ जवाब देने की नीति अपनाई गई है।



**जवानों के साथ किया जलपानः** इस दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीमा पर तैनात जवानों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने जवानों के साथ जलपान एवं संवाद भी किया। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने सीमा चौकियों पर नवनिर्मित 14 महिला बैरकों का ई-लोकार्पण किया। उन्होंने प्रहरी शस्त्र गैलरी का अवलोकन कर आधुनिक ड्रोन तकनीक की कार्यप्रणाली की जानकारी भी ली। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री ने सांचू माता मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना की तथा देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की तथा खेजड़ी का पौधा लगाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

**बॉर्डर पर बेटों से भी दो कदम आगे बेटियांः** केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि देश की सीमाओं की सुरक्षा में आज बेटियां बेटों से दो कदम आगे है। केंद्र सरकार वर्ष 2030 तक इन बेटियों के लिए सभी सुविधाएं मुहैया करवाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में राजस्थान में बीएसएफ की सीमा चौकियों पर बेटियों के लिए 40 करोड़ रुपए की लागत से 79 बैरक स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से आज लोकार्पण हुए 14 बैरक सहित 67 का काम पूरा हो चुका है। शेष 12 बैरक का कार्य भी जल्द पूरा हो जाएगा। देश की सीमा चौकियों पर 200 करोड़ की लागत से 360 बैरक बनाए जा रहे हैं।

**सांचू चौकी भारत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्जः** उन्होंने कहा कि सांचू ऐतिहासिक चौकी है तथा यहां आना उनके लिए बेहद हर्ष का विषय है। वर्ष 1965 में भारत-पाक युद्ध के दौरान, पाक ने सांचू पर कब्जा करने का प्रयास किया। तब यहां से 25 किलोमीटर दूर रणजीतपुरा में 3 आरएसी की चौकी थी। जब 13 ग्रेनेडियर के जवानों को इसकी सूचना मिली, तो भारत के जवानों ने पाकिस्तान पर भीषण हमला बोला और सांचू को सुरक्षित रखा और पाकिस्तान को यहां से भागना पड़ा। उन्होंने कहा कि वह 3 आरएसी अब बारहवीं वाहिनी बीएसएफ की बन गई है और यहां प्रतिवर्ष सांचू विजय दिवस मनाया जाता है। यह पोस्ट भारत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज है।

**सीमापार अतिक्रमण, स्मगलिंग और घुसपैठ पर रखें पैनी नजरः** केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सांचू पोस्ट 179वीं बटालियन की महत्वपूर्ण बॉर्डर आउट पोस्ट है। केंद्र सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर 1096 किलोमीटर लंबी लिटरल रोड और 520 किलोमीटर लंबी एक्ससीएल रोड बनाई जा रही है। यह जवानों की आवागमन और कनेक्टिविटी सम्बन्धी चिंता को दूर करेगी। उन्होंने कहा कि सीमाओं पर नई डिजाइन की फेंसिंग की जा रही है। सीमा की 180 चौकियों पर पाइपलाइन से पीने का पानी पहुंचाने का काम पूरा किया गया है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ को परम्परागत ड्यूटी के साथ नई दिशा से भी सोचना होगा। सीमा के उस पार से अतिक्रमण, स्मगलिंग और घुसपैठ पर पैनी नजर रखनी होगी।

## वेदांता के TACO ने राजस्थान सरकार के साथ किया एमओयू



**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की प्रमुख पशु कल्याण पहल TACO (The Animal Care Organization) ने राजस्थान सरकार के साथ सरिस्का टाइगर रिजर्व में अग्निवेश अग्रवाल नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर स्थापित करने के लिए एक (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह अपनी तरह का पहला प्रौद्योगिकी-सक्षम केंद्र होगा, जिसका उद्देश्य जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण और पारिस्थितिकीय स्थिरता के प्रति लोगों की समझ को गहरा करने के लिए आकर्षक और सहभागितापूर्ण अनुभव प्रदान करना है।

एक शैक्षिक एवं जन-सहभागिता केंद्र के रूप में विकसित की जा रही यह पहल भारत के प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्रों के प्रति जागरूकता और संरक्षण की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास करेगी। इस सहयोग को राजस्थान सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री संजय शर्मा, की उपस्थिति में तथा वन विभाग के अधिकारियों के साथ औपचारिक रूप दिया गया।

इस पहल के अंतर्गत रणथंभौर टाइगर रिजर्व में निगरानी वाहनों को भी रवाना किया गया, जिससे जमीनी स्तर पर संरक्षण प्रयासों को और मजबूत किया जा सके तथा वन्यजीव संरक्षण में जुटे अग्रिम पंक्ति के वनकर्मियों को सहयोग मिल सके।

इस अवसर पर प्रिया अग्रवाल हेब्बार, चेयरपर्सन, हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड तथा नॉन-एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, वेदांता लिमिटेड ने कहा कि संरक्षण का मूल आधार सह-अस्तित्व है, जो शिक्षा, समुदाय और साझा जिम्मेदारी पर आधारित है। इस पहल के माध्यम से हम ऐसे अनुभवों का निर्माण करना चाहते हैं जो लोगों को हमारी पारिस्थितिक प्रणालियों को बेहतर ढंग से समझने और आने वाली पीढ़ियों के लिए उनकी रक्षा करने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने इस पहल के व्यक्ति गत महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि इस केंद्र का नाम उनके दिवंगत भाई अग्निवेश अग्रवाल की स्मृति में रखा गया है, जिनके साथ उनका प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति गहरा लगाव था।

यह पहल TACO की भारत भर में संरक्षण, पारिस्थितिकीय जागरूकता और सतत सामुदायिक सहभागिता के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में कल आयोजित होगी सीएसआर कार्यशाला

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में जल संरक्षण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' का शुभारंभ किया गया है। 25 मई से 5 जून 2026 तक संचालित इस अभियान के अंतर्गत मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 एवं 2.3 के तहत राज्य मद से अनुमोदित कार्यों में गैप फंडिंग हेतु अधिकाधिक जन सहयोग एवं कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के माध्यम से सहयोग प्राप्त करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। इसी क्रम में 28 मई 2026 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में आयोजित होने वाली सीएसआर कार्यशाला की तैयारियों के संबंध में जिला कलैक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन एवं व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिला कलैक्टर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान 2026 के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

राजस्थान सरकार की मंशा अनुरूप जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने एवं आमजन में जल बचाने के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला कलैक्टर संदेश नायक के निर्देशन में 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान 2026 अंतर्गत जिले के समस्त ब्लॉक मुख्यालयों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न जन-जागरूकता एवं जल संरक्षण गतिविधियों का आयोजन किया गया। अभियान अंतर्गत जल संरक्षण एवं जन सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया गया तथा अधिकतम संख्या में आमजन को 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान 2026' का संकल्प दिलाया गया। इसके साथ ही नवीन अमृत सरोवर, जल संरक्षण एवं जल संवर्धन संरचनाओं का शिलान्यास एवं भूमि पूजन तथा पूर्ण कार्यों का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया गया।

## 19 सूत्री मांगों को लेकर सहायक कर्मचारी संघ का आंदोलन तेज, भूख हड़ताल की चेतावनी दी



**जयपुर | बिजनेस रेमेडीज़**

राजस्थान सहायक कर्मचारी संघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव को 19 सूत्री मांग पत्र सौंपते हुए मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो 18 जून से प्रदेशभर में भूख हड़ताल और धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह शेखावत ने बताया कि कर्मचारियों की वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान नहीं होने से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि सरकार यदि समय रहते उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं करती तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख रूप से राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम में किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं करने, पीएल सरेंडर लीव का भुगतान करने, वार्ड बॉय, हेल्पर, बेलदार, चौकीदार सहित अन्य कर्मचारियों को ग्रेड पे का लाभ देने और सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति आदेश शीघ्र जारी करने की मांग की गई है। इसके साथ ही संविदा एवं ठेका कर्मियों को नियमित करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है। यह ज्ञापन अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर शर्मा के नेतृत्व में सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह शेखावत और प्रदेश महासचिव लेखराज वर्मा, जयपुर जिला अध्यक्ष मोहनलाल मीणा और सदस्य प्रहलाद गुर्जर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने कहा कि कर्मचारी अपने अधिकारों के लिए एकजुट हैं और आवश्यकता पड़ने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। सभी कर्मचारियों ने 'इंकलाब जिंदाबाद', 'कर्मचारी एकता जिंदाबाद' और 'जय हिंद, जय भारत' के नारों के साथ सरकार से जल्द मांगों के समाधान की अपील की है।

OSTWAL

**कृष्णा फॉस्केम लिमिटेड**

सीआईएनः L24124RJ2004PLC019288

पंजीकृत कार्यालयः विंग ए/2, 1st फ्लोर, ओस्तवाल हाइट्स, अर्बन फारेस्ट, आटून, भीलवाड़ा, 311802, फोन न.- 01482-294582

ईमेलः secretarial@Krishnaphoschem.com, वेबसाइटः www.Krishnaphoschem.com

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यमों से आयोजित होने वाली 22 वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में जानकारी**

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुपालन में, और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सामान्य नियमों के साथ बनाए गए नियम सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, 20/2020 दिनांक 05 मई 2020, 02/2021 दिनांक 13 जनवरी 2021, 21/2021 दिनांक 14 दिसंबर 2021, 02/2022 दिनांक 05 मई 2022 और 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर 2022, 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023 और 09/2024 दिनांक 19 सितम्बर 2024 , सेबी परिपत्र दिनांक 5 जनवरी 2023, 7 अक्टूबर, 2023 और 3 अक्टूबर, 2024 इसके तहत बनाए गए नियम और सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 जिसे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा समय-समय पर जारी प्रासंगिक परिपत्रों के साथ पढ़ा गया (इसके बाद सामूहिक रूप से 'परिपत्र' के रूप में संदर्भित), के तहत 22 वीं वार्षिक आम बैठक कंपनी की (एजीएम) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') /अन्य ऑडियो-विज़ुअल के माध्यम से बुधवार, 24 जून 2026 को दोपहर 12:30 बजे आयोजित की जाएगी। जिसमे एजीएम की सूचना में उल्लेखित व्यवसायों को सम्पादित किया जायेगा।उपरोक्त परिपत्रों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) के साथ पंजीकृत हैं। कंपनी, SEBI (LODR) विनियम, 2015 के विनियम 36(1)(b) के अनुसार, उन सदस्यों को अलग से एक पत्र भेजेगी जिन्होंने कंपनी के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है; इस पत्र में वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 का वेब लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.Krishnaphoschem.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ('एनएसई') की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध होगी। सदस्य एजीएम में केवल वीसी सुविधा के माध्यम से ही शामिल हो सकते हैं। एजीएम में शामिल होने के तरीके के निर्देश नोटिस में प्रदान किए जाएंगे। वीसी के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों की गणना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के लिए की जाएगी।

शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में नोटिस, वार्षिक रिपोर्ट और अन्य संचार भेजने के लिए, जिन शेयरधारक ने अभी तक अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी के माध्यम से डिपॉजिटरी के साथ इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में तुरंत इसे पंजीकृत करें और भौतिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, MUFG INTIME INDIA PRIVATE LIMITED (formerly known as लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) को rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com पर संपर्क कर पंजीकृत करें।

कंपनी अपने सभी सदस्यों को नोटिस में निर्धारित प्रस्तावों पर वोट डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही कंपनी एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के जरिए वोटिंग की सुविधा भी देगी। एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की विस्तृत प्रक्रिया नोटिस में प्रदान गई है।

अंतिम लाभांश का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक रूप से उन शेयरधारकों को किया जाएगा जिन्होंने अपने बैंक खाते के विवरण को अपडेट किया है। जिन शेयरधारकों ने अपने बैंक खाते का विवरण अपडेट नहीं किया है, उनके लिए लाभांश वारंट/डिमांड ड्राफ्ट/चेक डाक सुविधा से उनके पंजीकृत पते पर भेज दिए जाएंगे। लाभांश प्राप्त करने में देरी से बचने के लिए, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने KYC को अपने डिपॉजिटरी (जहां शेयर डीमैटीरियलाइज्ड मोड में रखे गए हैं) के साथ अपडेट करें ताकि भुगतान तिथि पर सीधे उनके बैंक खाते में लाभांश प्राप्त किया जा सके।

निर्देशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते
कृष्णा फॉस्केम लिमिटेड
हस्ताक्षरित/
(अनिल शर्मा)
कम्पनी सचिव

स्थान- भीलवाडा
तिथि- 26/05/2026

GLOBAL SURFACES

**ग्लोबल सर्फेसेस लिमिटेड**

CIN: L14100RJ1991PLC073860

पंजीकृत कार्यालय: पीए-10-006 इंजीनियरिंग और रिलेटेड इंडस्ट्रीज सेज, महिंद्रा वर्ल्ड सिटी तह.- सांगानेर, जयपुर राजस्थान - 302037 आईएन, दूरभाष: 0141-7191000
ईमेल: cs@globalsurfaces.in, वेबसाइट: www.globalsurfaces.in

**पोस्टल बैलेट की सूचना**

सदस्यों को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 110 और धारा 108 के प्रावधानों तथा कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के अनुसार, जिसे कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ('MCA') द्वारा जारी परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020 और समय-समय पर जारी किए गए बाद के परिपत्रों (जिनमें सबसे नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 है; जिन्हें सामूहिक रूप से 'MCA परिपत्र' कहा गया है) के साथ पढ़ा जाए; तथा इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सेक्रेटेरियल स्टैंडर्ड-2 ('SS-2'), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ('SEBI लिस्टिंग विनियम') का विनियम 44, और अधिनियमों, नियमों, विनियमों, परिपत्रों तथा अधिसूचनाओं के अन्य लागू प्रावधानों (जिनमें समय-समय पर लागू होने वाले कोई भी वैधानिक संशोधन या पुनरधिनियमन शामिल हैं) के तहत; दिनांक 25 मई, 2026 की सूचना में विस्तृत विशेष कार्यों के लिए सदस्यों की स्वीकृति, डाक मतपत्र (Postal Ballot) के माध्यम से केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों ('रिमोट ई-वोटिंग') द्वारा मतदान करके मांगी जा रही है।

MCA परिपत्रों के अनुसार, कंपनी ने मंगलवार, 26 मई, 2026 को डाक मतपत्र सूचना की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां, स्पष्टीकरण विवरण के साथ, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (ई-मेल के माध्यम से) से उन शेयरधारकों को भेजी हैं, जिनके ई-मेल पते शुक्रवार, 22 मई, 2026 ("कट-ऑफ तिथि") तक कंपनी/RTA/डिपॉजिटरी प्रतिभागी (यों) के साथ पंजीकृत थे। MCA परिपत्रों के प्रावधानों के अनुरूप, सदस्य केवल रिमोट ई-वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से ही मतदान कर सकते हैं, और सदस्यों की सहमति या असहमति का संप्रेषण केवल रिमोट ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से ही होगा। सदस्यों के मतदान अधिकारों की गणना कट-ऑफ तिथि तक उनके द्वारा धारित कंपनी के इक्विटी शेयरों के आधार पर की जाएगी। कोई भी व्यक्ति जो कट-ऑफ तिथि तक कंपनी का शेयरधारक नहीं है, वह डाक मतपत्र सूचना को केवल सूचना के प्रयोजनों के लिए ही मानेगा। उक्त नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.globalsurfaces.in पर, BSE Limited (BSE) www.bseindia.com और National Stock Exchange of India Limited (NSE) www.nseindia.com की वेबसाइटों के संबंधित अनुभागों पर (जिन पर कंपनी के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं), और National Securities Depository Limited ("NSDL") की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।

तदनुसार, इस Postal Ballot के लिए सदस्यों को नोटिस की भौतिक प्रति (physical copy), Postal Ballot फॉर्म और पहले से भुगतान किया हुआ व्यावसायिक उत्तर लिफाफा नहीं भेजा जा रहा है। इसलिए, जिन शेयरधारकों ने अभी तक अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे Postal Ballot नोटिस में बताई गई प्रक्रिया के अनुसार अपना ई-मेल पता पंजीकृत करवा लें। इसके अलावा, जो सदस्य कट-ऑफ तिथि तक शेयर रखते हैं और जिन्हें Postal Ballot नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है, वे कंपनी को आवेदन करके उसकी एक प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

कंपनी ने अपने सभी सदस्यों को ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से National Securities Depository Limited (NSDL) की सेवाएं ली हैं। रिमोट ई-वोटिंग की प्रक्रिया और तरीका Postal Ballot नोटिस के भाग के रूप में दिए गए नोट्स में विस्तार से बताया गया है। रिमोट ई-वोटिंग सुविधा निम्नलिखित अवधि के दौरान उपलब्ध रहेगी:

| | |
|---|---|
| ई-वोटिंग की शुरुआत | बुधवार, 27 मई, 2026 को सुबह 09:00 बजे (IST) |
| ई-वोटिंग की समाप्ति | गुरुवार, 25 जून, 2026 को शाम 05:00 बजे तक (IST) |

इसके बाद NSDL द्वारा रिमोट ई-वोटिंग सुविधा बंद कर दी जाएगी। सदस्यों से अनुरोध है कि वे ध्यान दें कि उक्त तिथि और समय के बाद मतदान की अनुमति नहीं होगी। साथ ही, एक बार जब कोई सदस्य किसी प्रस्ताव पर अपना वोट डाल देता है, तो उसे बाद में उसे बदलने या दोबारा वोट डालने की अनुमति नहीं होगी।

बोर्ड ने M/s Pinchaa & Co., Company Secretaries के पार्टनर श्री Akshit Kumar Jangid (M. No.: FCS 11285, C.P. No.: 16300) को 'Scrutinizer' (जांचकर्ता) के रूप में नियुक्त किया है, ताकि Postal Ballot प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच की जा सके। स्क्रूटिनाइज़र, ई-वोटिंग की जाँच पूरी होने के बाद अपनी रिपोर्ट चेयरमैन या चेयरमैन द्वारा अधिकृत किसी अन्य व्यक्ति को सौंप देगा; और पोस्टल बैलेट के नतीजे वैधानिक समय-सीमा के भीतर चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर द्वारा—या उनकी अनुपस्थिति में, चेयरमैन द्वारा विधिवत अधिकृत कंपनी सेक्रेटरी द्वारा—कंपनी के रजिस्टर्ड ऑफिस में घोषित किए जाएँगे। इन नतीजों की सूचना स्टॉक एक्सचेंजों को दी जाएगी, और साथ ही इन्हें स्क्रूटिनाइज़र की रिपोर्ट के साथ कंपनी की वेबसाइट www.globalsurfaces.in पर भी प्रदर्शित किया जाएगा।

रिमोट ई-वोटिंग से संबंधित किसी भी सवाल/शिकायत के मामले में, आप शेयरधारकों के लिए 'अक्सर पूछे जाने वाले सवाल' ('FAQs') और शेयरधारकों के लिए ई-वोटिंग यूज़र मैनुअल देख सकते हैं, जो www.evoting.nsdl.com के 'Download' सेक्शन में उपलब्ध हैं। आप 022-4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं या Ms. Pallavi Mhatre से उनके तय ई-मेल पते: evoting@nsdl.com पर संपर्क कर सकते हैं। NSDL का डाक पता है: 3rd Floor, Naman Chamber, Plot C-32, G-Block, Bandra Kurla Complex, Bandra East, Mumbai, Maharashtra-400051.

डाक मतपत्र (postal ballot) से संबंधित किसी भी शिकायत/सवाल के लिए, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग भी शामिल है, शेयरधारक नीचे हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति से ई-मेल ID: cs@globalsurfaces.in पर संपर्क कर सकते हैं या कंपनी के रजिस्टर्ड ऑफिस में उन्हें लिख सकते हैं।

दिनांक: 26 मई, 2026
स्थान: जयपुर
पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नंबर PA-10-006, इंजीनियरिंग एण्ड रिलेटेड इंडस्ट्रिज, SEZ, महिंद्रा वर्ल्ड सिटी, तहसील-सांगानेर, जयपुर, राजस्थान, 302037
फोन: 0141-7191000 ई-मेल: cs@globalsurfaces.in

वास्ते ग्लोबल सर्फेसेस लिमिटेड
Sd/-
धरम सिंह राठौड़
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
ICSI Mem. No.: A57411

# एल.टी. एलीवेटर लिमिटेड 49.99 करोड़ रुपए जुटाएगी, यह होगा जीवाईआर कैपिटल एडवाइजर्स द्वारा प्रबंधित तीसरा सफल प्रेफरेंशियल इश्यू

जयपुर | बिजनेस रेमेडीज

पश्चिम बंगाल आधारित एल.टी. एलीवेटर लिमिटेड एलिवेटर एवं एस्केलेटर सेक्टर की कंपनी है। कंपनी ने अपने विस्तार और विकास योजनाओं को गति देने के लिए 49.99 करोड़ रुपए के प्रेफरेंशियल इश्यू का प्रस्ताव रखा है। इस फंड रेजिंग प्रक्रिया में जीवाईआर कैपिटल एडवाइजर्स ने कंपनी को सफल सलाह प्रदान की है। यह एक प्रबंधक के तौर पर जीवाईआर कैपिटल एडवाइजर्स द्वारा प्रबंधित लगातार तीसरा सफल प्रेफरेंशियल इश्यू होगा। इस लेख में कंपनी की कारोबारी गतिविधियों, वित्तीय प्रदर्शन, प्रेफरेंशियल इश्यू का विवरण जैसे विषयों पर प्रकाश डाला गया है।

**कारोबारी गतिविधियां:** अगस्त 2008 में निगमित एल.टी. एलिवेटर लिमिटेड उच्च गुणवत्ता वाले एलिवेटर सिस्टम समाधान प्रदान करती है, जो उत्कृष्ट सेवा, इंजीनियरिंग और तकनीकी समाधानों पर केंद्रित है। कंपनी एलिवेटर निर्माण, स्थापना, चालू करने और वार्षिक रखरखाव सहित व्यापक समाधान प्रदान करती है। एल.टी. एलिवेटर 'ग्राहक सर्वोपरि' सिद्धांत के तहत ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण) और ओएंडएम (संचालन, रखरखाव) सेवाएं प्रदान करती है।

कंपनी नवीन मॉड्यूलर डिज़ाइन, उन्नत इंजीनियरिंग और 24/7 सेवा सहायता से युक्त उत्पाद श्रृंखला पेश करती है। कंपनी के पास योग्य कर्मियों की देखरेख में गुणवत्ता जांच के लिए एक आंतरिक परीक्षण प्रयोगशाला है। बेहतर प्रदर्शन, उद्योग विशेषज्ञता और सिद्ध अनुभव के साथ कंपनी पेशेवर प्रबंधन को प्रौद्योगिकी के साथ एकीकृत करती है ताकि अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा प्रदान कर सके। ऑटोमेटिक पार्किंग सिस्टम में कंपनी को विशेषज्ञता हासिल है। कंपनी की वर्तमान ऑर्डर बुक 250 करोड़ रुपए से अधिक की है।

**प्रोडक्ट पोर्टफोलियो:** 1. लिफ्ट 2. मैनुअल लिफ्ट 3. सेमी-ऑटोमैटिक लिफ्ट

कंपनी की विनिर्माण इकाई पश्चिम बंगाल के चकचटा में स्थित है। यह इकाई आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है और प्रतिवर्ष 800 लिफ्टों का उत्पादन करती है। यहां गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित किया जाता है, टिकाऊ प्रक्रियाओं का पालन किया जाता है और यह इकाई एक नवाचार केंद्र के रूप में कार्य करती है।

**रिकार्डो एलिवेटर्स का अधिग्रहण:** रिकार्डो एलिवेटर्स का अधिग्रहण कंपनी के विकास के अगले चरण को गति देगा। रिकार्डो एलिवेटर्स का एल.टी. एलिवेटर लिमिटेड में विलय हो रहा है, जिससे कंपनी की अखिल भारतीय खुदरा उपस्थिति और घरेलू एलिवेटर सेगमेंट में सीधे ग्राहकों तक बिक्री की क्षमता मजबूत होगी। रिकार्डो को लगभग 6 करोड़ रुपये प्रति माह के अच्छे ऑर्डर मिल रहे हैं, जो 70 करोड़ रुपये से अधिक की वार्षिक वृद्धि दर में तब्दील होते हैं। 3 से 6 महीने की सामान्य ऑर्डर डिलीवरी समयसीमा को देखते हुए, इस स्थिर ऑर्डर प्रवाह से वित्त वर्ष 2027 के राजस्व में महत्वपूर्ण योगदान की उम्मीद है। रिकार्डो एक सकारात्मक कार्यशील पूंजी चक्र पर काम करती है, जो कंपनी के एलिवेटर और स्वचालित पार्किंग व्यवसायों की अपेक्षाकृत उच्च कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करता है और इस प्रकार संयुक्त इकाई के समग्र नकदी रूपांतरण प्रोफाइल में सुधार करता है।

**कारोबारी विस्तार:** कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 में शिलांग में 343 करोड़ रुपये की बहुस्तरीय कार पार्किंग परियोजना का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। यह पूर्वोत्तर की सबसे बड़ी बहुस्तरीय कार पार्किंग परियोजना है, जिसे पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एलटी पार्कस्मार्ट के माध्यम से पूरा किया गया है। दूसरा चरण चालू वित्तीय वर्ष में चल रहा है। वर्तमान निष्पादन योग्य ऑर्डर बुक 250 करोड़ रुपये से अधिक है, जो आगामी वित्तीय चक्रों के लिए मजबूत राजस्व दृश्यता प्रदान करती है।

**आगामी आउटलुक:** स्मार्ट सिटी परियोजनाएं, प्रीमियम आवासीय विकास, डी2सी होम लिफ्ट और सरकारी इंफ्रास्ट्रक्चर अनुबंध से कंपनी को काफ़ी ऑर्डर मिलने की संभावना है। कंपनी प्रबंधन को मजबूत निष्पादन पाइपलाइन, रिकार्डो की बढ़ती ऑर्डर दर और घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निरंतर भौगोलिक विस्तार के समर्थन से तीव्र गति से विकास जारी रखने की उम्मीद है।

**रिकार्डो का एकीकरण:** कंपनी विनिर्माण, सोर्सिंग, निष्पादन और वितरण में तालमेल स्थापित करने के लिए वित्त वर्ष 2027 के दौरान रिकार्डो का पूर्ण विलय को पूरा करेगी।

**होम एलिवेटर सेगमेंट में विस्तार:** संयुक्त रूप से एल.टी. एलिवेटर और रिकार्डो खुदरा एवं वितरण नेटवर्क के माध्यम से भारत भर में होम एलिवेटर सेगमेंट में विस्तार को गति देंगे।

**अंतरराष्ट्रीय विस्तार:** कंपनी की दीर्घकालिक वैश्विक विकास रणनीति के हिस्से के रूप में मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया और चुनिंदा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में समूह की उपस्थिति को मजबूत करने की योजना है।

**वित्तीय प्रदर्शन:** वित्त वर्ष 2024 में कंपनी ने 40.63 करोड़ रुपए का कुल राजस्व और 3.17 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ और वित्त वर्ष 2025 में कंपनी ने 56.74 करोड़ रुपए का कुल राजस्व और 8.94 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ और वित्त वर्ष 2026 में कंपनी ने 111.7 करोड़ रुपए का राजस्व और 17 करोड़ रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2026 में कंपनी ने करीब 15.2 फीसदी का कर पश्चात शुद्ध लाभ मार्जिन अर्जित किया है।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 में 111 करोड़ रुपये का राजस्व पार कर लिया, जो वित्त वर्ष 2025 के लगभग 56.74 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में लगभग 97 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर्शाता है। साथ ही, कंपनी ने परिचालन मार्जिन को भी लगभग स्थिर बनाए रखा। वित्त वर्ष 2026 एल.टी. एलिवेटर के इतिहास में पहली बार है जब वार्षिक राजस्व 100 करोड़ रुपये के पार पहुंचा है। कंपनी प्रबंधन के अनुसार यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो अनुशासित क्रियान्वयन, विस्तार योग्य संचालन, भौगोलिक पहुंच के विस्तार और कंपनी की डिजाइन-आधारित इंजीनियरिंग क्षमताओं के कारण संभव हुई है। इससे स्पष्ट हो रहा है कि कंपनी निरंतर रूप से बेहतर मार्जिन के साथ वर्ष दर वर्ष अच्छा वित्तीय प्रदर्शन कर रही है।

**प्रेफरेंशियल इश्यू का विवरण:** कंपनी प्रबंधन के अनुसार पूंजी जुटाने की योजना उसके अगले विकास चरण को मजबूती देने के उद्देश्य से लाई गई है। इस प्रस्तावित फंड रेज के जरिए संस्थागत और रणनीतिक निवेशकों की मजबूत भागीदारी देखने को मिली है।

कंपनी द्वारा जारी किए गए प्रस्ताव के अनुसार कुल फंड रेजिंग दो हिस्सों में की जाएगी।

1. प्रेफरेंशियल इक्विटी इश्यू

2,127,563 इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे।
प्रति शेयर कीमत रूपये 188 तय की गई है।
इसमें 178 रुपए का प्रीमियम शामिल है।
इस हिस्से से कंपनी लगभग 39.99 करोड़ रुपए जुटाएगी।

2. कन्वर्टिबल वारंट इश्यू

531,914 वारंट जारी किए जाएंगे।
प्रति वारंट कीमत रुपए 188 होगी।
वारंट को 18 महीनों के भीतर इक्विटी शेयरों में बदला जा सकेगा। इस हिस्से से 9.99 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा गया है।

**निवेशकों की मजबूत भागीदारी :** इस प्रेफरेंशियल इश्यू में कई प्रतिष्ठित निवेशकों और फंड्स ने रुचि दिखाई है। प्रस्तावित अलॉटियों में मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड,बंधन स्मॉल कैप फंड, वीरा एआईएफ ट्रस्ट – वीरा भारत अपॉर्चुनिटी फंड, नाइन एल्प्स ट्रस्ट – नाइन एल्प्स अपॉर्चुनिटी फंड, ग्रेसियस एडवाइजर्स एलएलपी और रेनबो एग्री कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड जैसेप्रमुख नाम शामिल हैं।

**कंपनी के लिए सकारात्मक संकेत:** मार्केट विशेषज्ञों के अनुसार यह फंड रेज कंपनी की बैलेंस शीट को मजबूत करेगा और भविष्य की विस्तार योजनाओं, नई परियोजनाओं एवं कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा। साथ ही प्रतिष्ठित निवेशकों की भागीदारी से कंपनी की विकास संभावनाओं पर भरोसा भी मजबूत हुआ है।

**नोट: यह लेख निवेश सलाह नहीं है।**

# 'एक्टिव इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड' ने वित्त वर्ष 2026 में 1025.63 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया

नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज

महाराष्ट्र के नागपुर आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी 'एक्टिव इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड' ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 के वार्षिक और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं। 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 9049.88 लाख रुपए के मुकाबले 10155.14 लाख रुपए का कुल समेकित राजस्व अर्जित किया है। 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 में कंपनी ने 1025.63 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

**कारोबारी गतिविधियां:** 2007 में निगमित, एक्टिव इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड एक सिविल निर्माण कंपनी है। कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और कॉमर्शियल परियोजना निर्माण में माहिर है। कंपनी सड़क, पुल, जल आपूर्ति प्रणाली और सिंचाई जैसी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके साथ ही कंपनी कार्यालय परिसर, खुदरा केंद्र, प्रदर्शनी हॉल और शैक्षणिक संस्थानों जैसे वाणिज्यिक स्थानों का निर्माण भी कर रही है।

कंपनी पूरे भारत में काम करती है और कंपनी की महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा में परियोजनाएं संचालित हो रही है। कंपनी ग्राहकों की संतुष्टि पर ध्यान केंद्रित करती है एवं सभी पूर्ण, चालू और आगामी परियोजनाओं में गुणवत्ता व सुरक्षा सुनिश्चित करती है।

**कंपनी की सेवाएं:**

**इंफ्रास्ट्रक्चर सेगमेंट:** कंपनी इंफ्रास्ट्रक्च में उत्कृष्टता को प्राथमिकता देती है। कंपनी सड़क निर्माण, फ्लाईओवर, जल आपूर्ति प्रणाली, सिंचाई और संबंधित गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करती है। कंपनी विरासत स्थल विकास और पर्यटन परियोजनाओं का प्रबंधन भी करती है, जिससे गुणवत्ता और स्थिरता सुनिश्चित होती है।

**कॉमर्शियल परियोजनाओं का निर्माण:** कंपनी ऐसे कॉमर्शियल स्थान बनाने पर ध्यान केंद्रित करती है जो उभरते हुए व्यवसाय और उपभोक्ता की ज़रूरतों को पूरा करते हैं। कंपनी द्वारा स्थापित 'रिआन टॉवर' जैसी प्रमुख परियोजनाएं आधुनिक, स्थाई वातावरण प्रदान करती हैं, जो व्यवसाय विकास एवं सामुदायिक जुड़ाव के लिए उपयुक्त है।

# इन्विक्टा डायग्नोस्टिक लिमिटेड ने हासिल किया 3304.15 लाख रुपए का सालाना राजस्व

जयपुर | बिजनेस रेमेडीज

इन्विक्टा डायग्नोस्टिक लिमिटेड रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी समाधान प्रदान करती है। कंपनी ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 के वार्षिक और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं। 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 3018.17 लाख रुपए के मुकाबले 3304.15 लाख रुपए का कुल समेकित राजस्व अर्जित किया है। 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 में कंपनी ने 487.32 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

**कारोबारी गतिविधियां:** जनवरी 2021 में निगमित, इन्विक्टा डायग्नोस्टिक लिमिटेड रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी समाधान प्रदान करती है। कंपनी 'पीसी डायग्नोस्टिक्स' ब्रांड के तहत इमेजिंग, रेडियोलॉजी और टेलीरेडियोलॉजी सहित पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी परीक्षण प्रदान करती है, जो मुंबई, महाराष्ट्र में 7 डायग्नोस्टिक केंद्रों और एक केंद्रीय प्रयोगशाला के माध्यम से उपलब्ध हैं। इन्विक्टा डायग्नोस्टिक्स लिमिटेड एक मुंबई स्थित डायग्नोस्टिक सेवा कंपनी है जो एकीकृत पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी समाधानों में विशेषज्ञता रखती है।

**कंपनी मुंबई महानगर क्षेत्र में हब-एंड-स्पोक मॉडल का पालन करती है, जिसमें शामिल हैं:** ठाणे पश्चिम में एक प्रमुख केंद्र है जो पूर्ण-स्पेक्ट्रम पैथोलॉजी और उन्नत रेडियोलॉजी (पीईटी सीटी, एमआरआई) प्रदान करता है। तीन अतिरिक्त केंद्र (भयंदर, भायखला, मरोल) विशेष नैदानिक सेवाएं प्रदान करते हैं। लोअर परेल, शिवड़ी और कलवा में तीन केंद्र बुनियादी इमेजिंग (एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड) और नमूना संग्रह पर केंद्रित हैं। कंपनी लगभग 60 नियमित और 487 विशिष्ट पैथोलॉजी परीक्षण, साथ ही लगभग 96 बुनियादी और 130 उन्नत रेडियोलॉजी परीक्षण प्रदान करती है। इन्विक्टा डायग्नोस्टिक्स नैदानिक सेवाओं का एक व्यापक समूह प्रदान करता है, जिसमें शामिल हैं:

**नियमित परीक्षण:** इसमें सीबीसी, लिपिड प्रोफाइल, लिवर फंक्शन टेस्ट (एलएफटी), किडनी फंक्शन टेस्ट (केएफटी), और थायरॉइड पैनल शामिल हैं।

**विशेष परीक्षण:** इसमें आणविक निदान, इम्यूनोएसे, सं मक रोग मार्कर (जैसे, डेंगू, कोविड-19), कैंसर मार्कर और आनुवंशिक पैनल शामिल हैं।

**नमूना संग्रह नेटवर्क:** इन्विक्टा घर पर या अपने स्पोक केंद्रों के माध्यम से मरीजों तक पहुंचने के लिए फ़्लेबोटोमिस्ट और संग्रह भागीदारों का उपयोग करता है।

# इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड (आईएनए सोलर) का वित्त वर्ष 2025-26 में शुद्ध लाभ 59.34% बढ़ा



मनीष गुप्ता, चेयरमैन, विकास जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड

जयपुर | बिजनेस रेमेडीज

भारत की प्रतिष्ठित सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी Insolation Energy Limited (आईएनए सोलर) ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2025-26 के वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी ने इस अवधि में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने कॉन्सोलिडेटेड बैलेंस शीट के अनुसार गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 1343.62 करोड़ रुपये के मुकाबले 2163.52 करोड़ रुपये का टर्नओवर दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 61.02% अधिक है। उक्त अवधि में कंपनी का कर पूर्व शुद्ध लाभ (PBT) 153.06 करोड़ रुपये से बढ़कर 245.29 करोड़ रुपये हो गया, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 60.26% अधिक है। इसी अवधि में कंपनी ने 172.58 करोड़ रुपये के मुकाबले 304.62 करोड़ रुपये का EBITDA अर्जित किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 76.50% अधिक है।

वहीं कंपनी का कर पश्चात शुद्ध लाभ (PAT) 125.81 करोड़ रुपये से बढ़कर 200.47 करोड़ रुपये रहा, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 59.34% अधिक है।

कंपनी का प्रति शेयर आय (EPS) 5.93 रुपये के मुकाबले इस वर्ष 9.10 रुपये रहा, जो पिछले वर्ष से 53.46% अधिक है। कंपनी के चेयरमैन मनीष गुप्ता एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विकास जैन ने बताया कि INA Solar आज भारत के तेजी से उभरते सोलर ब्रांड्स में अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। कंपनी वर्तमान में 5.5 गीगावाट की मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग क्षमता के साथ कार्य कर रही है और देशभर में अपने नेटवर्क एवं उत्पादन क्षमताओं का निरंतर विस्तार कर रही है। उन्होंने बताया कि कंपनी मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम में 4.5 गीगावाट सोलर सेल मैन्युफैक्चरिंग एवं 18,000 MTA एल्युमिनियम फ्रेम निर्माण क्षमता की नई परियोजना स्थापित कर रही है, जिससे कंपनी की उत्पादन क्षमता और अधिक सशक्त होगी।

INA Solar वर्तमान में Topcon, मोनोफेशियल एवं बाइफेशियल जैसी अत्याधुनिक तकनीक आधारित सोलर पैनलों का निर्माण कर रही है, जो उच्च गुणवत्ता, बेहतर दक्षता एवं विश्वसनीय प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं। कंपनी की अत्याधुनिक निर्माण इकाइयाँ AI एवं रोबोटिक्स जैसी नवीनतम तकनीकों से सुसज्जित हैं, जिससे प्रत्येक पैनल में उच्चतम स्तर की गुणवत्ता एवं सटीकता सुनिश्चित होती है। कंपनी ने देशभर में अपने मजबूत नेटवर्क और ग्राहक विश्वास के माध्यम से उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। वर्तमान में INA Solar के साथ 1000+ चैनल पार्टनर्स जुड़े हुए हैं तथा कंपनी की उपस्थिति 100+ जिलों में है। कंपनी अब तक 40,000+ से अधिक संतुष्ट ग्राहकों का विश्वास जीत चुकी है एवं 400+ मेगावाट EPC एवं IPP प्रोजेक्ट्स सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुकी है। कंपनी के चेयरमैन मनीष गुप्ता ने कहा कि INA Solar का उद्देश्य भारत को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है। कंपनी 'मेक इन इंडिया' विजन को आगे बढ़ाते हुए देश में ग्रीन एनर्जी के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रही है। कंपनी ने विश्वास व्यक्त किया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा वर्ष 2030 तक निर्धारित 500 गीगावाट ग्रीन एनर्जी लक्ष्य को प्राप्त करने में INA Solar महत्वपूर्ण योगदान देगी।

# अनोंदिता मेडिकेयर लिमिटेड को केंद्रीय चिकित्सा सेवा सोसायटी से 7.18 करोड़ रुपए का ऑर्डर मिला

नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज

नई दिल्ली आधारित 'अनोंदिता मेडिकेयर लिमिटेड', 'कोबरा' ब्रांडनेम से मेल कंडोम बनाने वाली प्रमुख कंपनी है। कंपनी ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि कंपनी को केंद्रीय चिकित्सा सेवा सोसायटी (सीएमएसएस), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (भारत सरकार) से कंडोम (एफएस-एनएसीओ) की आपूर्ति के लिए एक क्रय आदेश प्राप्त हुआ है। क्रय आदेश का कुल मूल्य 7,18,36,178.310/- रुपए है।

**कारोबारी गतिविधियां:** मार्च 2024 में स्थापित, अनोंदिता मेडिकेयर लिमिटेड, फ्लेवर्ड पुरुष कंडोम बनाती है, जिसका प्रमुख उत्पाद 'कोबरा' है।

कंपनी सालाना 562 मिलियन कंडोम का उत्पादन करती है। कंपनी का एक विनिर्माण संयंत्र नोएडा, उत्तर प्रदेश में स्थित है। अनोंदिता मेडिकेयर अपने उत्पादों का निर्यात दक्षिण पूर्व एशिया, अफ्रीका और मध्य पूर्व सहित कई अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में करती है। कंपनी परिवार नियोजन और जन स्वास्थ्य पहलों का समर्थन करने के लिए वैश्विक स्वास्थ्य संगठनों, गैर सरकारी संगठनों और सरकारों के साथ सहयोग करती है। अनोंदिता मेडिकेयर का एक मजबूत डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क है जो विभिन्न बाजारों में अपने उत्पादों की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करता है। कंपनी अपने उत्पादों को व्यापक रूप से सुलभ बनाने के लिए थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के माध्यम से बिक्री करती है। कंपनी के सरकारी स्वास्थ्य कार्यक्रमों और संस्थानों के साथ भी मजबूत संबंध हैं, जो जन स्वास्थ्य पहलों के लिए आवश्यक चिकित्सा उत्पादों की आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# वित्त वर्ष 2026 में महामाया लाइफसाइंसेज लिमिटेड का राजस्व में 25 फीसदी की वार्षिक वृद्धि के साथ बढ़कर हुआ 32887.30 लाख रुपए



प्रशांत कृष्णमूर्ति
कार्यकारी निदेशक, महामाया लाइफसाइंसेज लिमिटेड

नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज

नई दिल्ली आधारित महामाया लाइफसाइंसेज लिमिटेड फसल संरक्षण और जैविक समाधानों के निर्माण, फॉर्मूलेशन और विपणन में लगी एक एकीकृत कृषि रसायन कंपनी है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 के लिए अपने लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 26,414.86 लाख रुपए के मुकाबले 24.50 फीसदी अधिक 32,887.30 लाख रुपए का कुल परिचालन राजस्व अर्जित किया है। इसी प्रकार 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 1,281.16 लाख रुपए के मुकाबले 28.97 फीसदी अधिक 1,652.33 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

**प्रबंधन का दृष्टिकोण और भविष्य की योजना:** महामाया लाइफसाइंसेज लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक प्रशांत कृष्णमूर्ति ने कहा कि 'वित्त वर्ष 2026 कंपनी के लिए मजबूत परिचालन और वित्तीय प्रदर्शन का वर्ष रहा है। ईबिटा बढ़कर वित्त वर्ष 2025 के 2,583.29 लाख रुपये से वित्त वर्ष 2026 में 3,425.88 लाख रुपये हो गया, जो स्वस्थ व्यावसायिक वृद्धि और बेहतर परिचालन दक्षता को दर्शाता है। वर्ष के दौरान, लाभप्रदता कुछ लेखांकन और लिस्टिंग संबंधी समायोजनों से प्रभावित हुई, जिनका कुल योग लगभग 411 लाख रुपये था, जिसमें 264.16 लाख रुपये का अवास्तविक विदेशी मुद्रा घाटा, 125.25 लाख रुपये का विनिमय अंतर और 21.57 लाख रुपये के लिस्टिंग संबंधी व्यय शामिल थे। इन प्रभावों के बावजूद, कंपनी ने 1,652.33 लाख रुपये का स्वस्थ कर पश्चात शुद्ध लाभ हासिल किया, जो हमारे व्यावसायिक मॉडल की लचीलता और मजबूत प्रदर्शन को दर्शाता है। व्यावसायिक गति में अंतर्निहित सुधार।

वित्त वर्ष 2026 की दूसरी छमाही में, कंपनी ने परिचालन से 16,580.93 लाख रुपये का राजस्व और 21,789.84 लाख रुपये का ईबिटा दर्ज किया। ईबिटा मार्जिन में सुधार होकर 10.79 फीसदी हो गया। हम अपने सतत और जैविक फसल देखभाल पोर्टफोलियो का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, साथ ही दीर्घकालिक विकास के लिए घरेलू और निर्यात बाजारों में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर रहे हैं।'

**कारोबारी गतिविधियां:** '2002 में निगमित, महामाया लाइफसाइंसेज लिमिटेड फसल एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, फसल संरक्षण और जैव उत्पादों के विनिर्माण, पंजीकरण और निर्यात में लगी हुई है तथा कृषक समुदाय को अधिक उत्पादकता में मदद कर रही है। महामाया लाइफसाइंसेज लिमिटेड एक जैव-प्रौद्योगिकी-आधारित लाइफ साइंस कंपनी है जो जैविक और स्थाई फसल सुरक्षा समाधानों में अग्रणी है। उन्नत कृषि रसायन और जैव-प्रौद्योगिकी में एक मजबूत आधार के साथ, कंपनी बायो-कीटनाशकों, बायो-उत्तेजकों, बायो-उर्वरकों और इको-फ्रेंडली फॉर्मूलेशन सहित फसल देखभाल उत्पादों की एक विविध श्रेणी का विकास, निर्माण और विपणन करती है।

दहेज, गुजरात में कंपनी की अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण इकाई भारतीय और वैश्विक दोनों बाजारों के लिए सुरक्षित, रेसीड्यू फी और उच्च-दक्षता वाले उत्पाद बनाने के लिए अनुसंधान, प्रक्रिया नवाचार और ग्रीन केमिकल सिद्धांतों को एकीकृत करती है। कंपनी पूरे भारत में 300 से अधिक डीलरों के बढ़ते नेटवर्क को सेवा प्रदान करती है और मध्य पूर्व, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे प्रमुख क्षेत्रों में निर्यात करती है। कंपनी कीटनाशकों के निर्माण और भारतीय कृषि-रसायन कंपनियों तथा बहुराष्ट्रीय निगमों (एमएनसी) को थोक उत्पादों की आपूर्ति में विशेषज्ञता रखती है।

कंपनी सावधानीपूर्वक शोध किए गए अणुओं का आयात करती है, उन्हें केंद्रीय कीटनाशक बोर्ड में पंजीकृत कराती है और घरेलू निर्माताओं तथा बहुराष्ट्रीय निगमों (एमएनसी) के लिए तकनीकी और मूल्यवर्धित फॉर्मूलेशन के रूप में उनका विपणन करती है। कंपनी ने वैश्विक उत्पाद पंजीकरण में निवेश किया है, जिसके डोमिनिकन गणराज्य, मिस्र, इथियोपिया, जॉर्डन, संयुक्त अरब अमीरात और तुर्की जैसे देशों में सक्रिय बाज़ार हैं, जहां कंपनी उच्च-गुणवत्ता वाले उत्पाद और पंजीकरण के लिए डेटा सहायता प्रदान करती है।

# गोदरेज फाउंडेशन ने भारत की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने और आगे लाने के लिए 'टुमारो मेकर्स' की शुरुआत की

मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज

गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप में महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखने वाले एक स्वतंत्र परोपकारी ट्रस्ट 'गोदरेज फाउंडेशन' ने आज 'टुमारो मेकर्स' को लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक राष्ट्रीय मंच है जिसे पूरे भारत में वंचित पृष्ठभूमि के उच्च क्षमता वाले बच्चों और युवाओं की पहचान करने और उन्हें सहायता देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस विश्वास पर आधारित कि 'प्रतिभा हर जगह है, लेकिन अवसर नहीं', टुमारो मेकर्स का उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों को मेंटरशिप (मार्गदर्शन), संस्थानों, प्रतियोगिता परीक्षाओं और साथी समुदायों से जोड़ना है जो उन्हें उनकी क्षमता का एहसास कराने में मदद कर सकें।

टुमारो मेकर्स को एक दीर्घकालिक मंच के रूप में तैयार किया गया है। यह समान विचारधारा वाले गैर-लाभकारी संगठनों (NGOs) और इकोसिस्टम पार्टनर्स के नेटवर्क के माध्यम से खोज, मार्गदर्शन और अवसरों तक पहुँच को एक साथ लाता है। इस पहल का उद्देश्य STEM, आविष्कार व निर्माण, कला और रक्षा सेवाओं में छात्रों के लिए संरचित (स्ट्रक्चर्ड) रास्ते बनाना है। अपने पहले वर्ष में, इस मंच का लक्ष्य कक्षा 10-12 के 5,000 STEM छात्रों, कक्षा 6-7 के 500 STEM छात्रों, कला के क्षेत्र में 150 छात्रों और सशस्त्र बलों में करियर की तैयारी कर रहे 400 उम्मीदवारों की मदद करना है।

**STEM पाथवे :** यह इंजीनियरिंग, चिकित्सा, अनुसंधान (रिसर्च) और संबंधित क्षेत्रों में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों को शैक्षणिक विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, मार्गदर्शन और साथियों के साथ मिलकर सीखने के अवसर प्रदान करेगा। इन्वेंशन एंड मेकिंग (आविष्कार और निर्माण) पाथवे- यह मेकर स्पेस (प्रायोगिक प्रयोगशालाओं) और तकनीकी मार्गदर्शन के माध्यम से व्यावहारिक निर्माण, डिज़ाइन थिंकिंग और नवाचार पर ध्यान केंद्रित करेगा। **आर्ट्स (कला) पाथवे:** यह प्रदर्शन (परफॉर्मेंस), वाद-विवाद, लेखन और रचनात्मक अभिव्यक्ति में रुचि रखने वाले छात्रों की मदद करेगा। डिफेंस (रक्षा) पाथवे: यह शारीरिक अनुकूलन, नेतृत्व विकास और संरचित मार्गदर्शन के माध्यम से सशस्त्र बलों में करियर की तैयारी में सहायता करेगा।

गोदरेज फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) उमर मोमिन ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी स्कूली आबादी में से एक भारत में रहती है, फिर भी संरचित मार्गदर्शन (स्ट्रक्चर्ड मेंटरशिप), उन्नत शिक्षण के अवसरों और प्रतिभा को बढ़ावा देने वाले इकोसिस्टम तक पहुँच अभी भी असमान है, विशेष रूप से वंचित समुदायों के छात्रों के लिए। टुमारो मेकर्स के माध्यम से, हमारा उद्देश्य अलग-अलग क्षेत्रों और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के होनहार युवाओं की पहचान कर और उन्हें निखारने वाले मार्ग तैयार करके इस अंतर को पाटने में मदद करना है। इस मंच के माध्यम से, हम भविष्य के नवप्रवर्तकों (इनोवेटर्स), शोधकर्ताओं, कलाकारों, उद्यमियों, सैनिकों और सार्वजनिक नेताओं की एक ऐसी पीढ़ी तैयार करने की उम्मीद करते हैं, जिनकी सफलता परिवारों को बदलकर, समुदायों को मजबूत करके और भारत के दीर्घकालिक नेतृत्व और प्रगति में योगदान देकर एक बड़ा सकारात्मक बदलाव ला सके।

अवंती फेलोज़ के को-सीईओ अक्षय सक्सेना / वंदना गोयल ने कहा कि पूरे भारत में असाधारण प्रतिभा वाले छात्र हैं, लेकिन उनमें से कई को अपनी सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के कारण विशिष्ट संस्थानों में प्रवेश करने का अवसर कभी नहीं मिल पाता है। शिक्षा और उद्योग के उच्च स्तरों पर, हमें अधिक न्यायसंगत प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है। टुमारो मेकर्स प्रतिभाशाली छात्रों को उनकी क्षमता को सही दिशा देने में मदद करने के लिए एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मार्ग बना रहा है। यह मंच हमें अपने कार्यक्रमों का विस्तार करने और अधिक संख्या में उच्च क्षमता वाले छात्रों को STEM क्षेत्रों में अवसरों तक पहुँचाने में मदद करने में सक्षम बनाएगा, जिससे उनकी क्षमता वास्तविक परिणामों में बदल सकेगी।

डेल्टा स्क्वाड फाउंडेशन के संस्थापक ईसन ने कहा कि देश की सेवा, वर्दी पहनने से बहुत पहले शुरू हो जाती है। डेल्टा स्क्वाड फाउंडेशन में, हमारा मानना है कि नेतृत्व (लीडरशिप) का निर्माण अनुशासन, सेवा और वास्तविक जिम्मेदारी के माध्यम से होता है।

# सेंसेक्स 479 अंक गिरकर 76,009 पर बंद हुआ

मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज



भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 479.26 अंक या 0.63 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,009.70 और निफ्टी 118.00 अंक या 0.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,913.70 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, इटरनल, मारुति सुजुकी, अदाणी पोर्ट्स, एचयूएल, एनटीपीसी और एलएंडटी गेनर्स थे। ट्रेंट, भारती एयरटेल, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, टाइटन, एक्सिस बैंक, एमएंडएम, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक और एशियन पेंट्स लूजर्स थे। लार्जकैप की अपेक्षा व्यापक बाजार में तेजी देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 332.30 अंक या 0.54 प्रतिशत की तेजी के साथ 62,298.90 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 64.50 अंक या 0.35 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18,267.20 पर था। सूचकांकों में मिलाजुला कारोबार देखने को मिला। निफ्टी मेटल (1.10 प्रतिशत), निफ्टी एनर्जी (0.58 प्रतिशत), निफ्टी कमोडिटीज (0.48 प्रतिशत),निफ्टी इंडिया डिफेंस (0.27 प्रतिशत), निफ्टी एफएमसीजी (0.14 प्रतिशत) और निफ्टी ऑटो (0.07 प्रतिशत) की तेजी के साथ बंद हुआ। दूसरी तरफ निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (1.05 प्रतिशत), निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज (0.65 प्रतिशत), निफ्टी प्राइवेट बैंक (0.62 प्रतिशत), निफ्टी सर्विसेज (0.60 प्रतिशत), निफ्टी रियल्टी (0.52 प्रतिशत), निफ्टी पीएसई (0.50 प्रतिशत) की कमजोरी के साथ बंद हुए। बाजार के जानकारों ने कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच ताजा हमले, कच्चे तेल में तेजी और डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने से लार्जकैप में हल्की कमजोरी देखने को मिली है। उन्होंने आगे कहा कि यह मजबूती घरेलू आय में संरचनात्मक विश्वास को दर्शाती है, जिसे विदेशी निवेशकों (एफआईआई) की निकासी के बावजूद निरंतर घरेलू निवेशकों का समर्थन बना हुआ है, जिससे बाजार की भावना पर दबाव डाला है।


## वैभव ग्लोबल लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय- ई-69, ईपीआईपी, सीतापुरा इण्डस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302022, राजस्थान, इण्डिया
फोन : +91-141-2771975; CIN : L36911RJ1989PLC004945
ई-मेल : investor_relations@vaibhavglobal.com; वेबसाइट : www.vaibhavglobal.com

**सूचना**

[कंपनी के इक्विटी शेयरों का निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (IEPF) में स्थानांतरण]

शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 के प्रावधानों के अनुसार, जिसे निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष (लेखांकन, ऑडिट, हस्तांतरण और वापसी) नियम, 2016 ("नियम") के साथ पढ़ा जाए (जैसा कि संशोधित है), वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए घोषित अंतिम लाभांश, जो सात वर्षों की अवधि तक बिना दावा किए रहा, उसे 31 अगस्त, 2026 को IEPF में जमा कर दिया जाएगा। वे संबंधित शेयर, जिन पर लगातार सात वर्षों तक लाभांश का दावा नहीं किया गया था, उन्हें भी नियमों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

नियमों के अनुपालन में, सभी संबंधित शेयरधारकों को व्यक्तिगत नोटिस भेजे जा रहे हैं जिनके शेयर उपरोक्त नियमों के अनुसार आईईपीएफ में स्थानांतरित किए जाने योग्य हैं, ऐसे शेयरधारकों का पूरा विवरण कंपनी की वेबसाइट: https://www.vaibhavglobal.com/dividend पर उपलब्ध कराया गया है।

इस संबंध में निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें:

- **यदि आपके पास भौतिक रूप में शेयर हैं:** डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी किए जाएँगे और आईईपीएफ को हस्तांतरित कर दिए जाएँगे। आपके नाम पर पंजीकृत और आपके पास मौजूद मूल शेयर प्रमाणपत्र स्वतः ही रद्द हो जाएँगे।
- **यदि आपके पास इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर हैं:** आईईपीएफ को हस्तांतरित किए जाने वाले शेयरों के लिए आपके डीमैट खाते से राशि डेबिट कर दी जाएगी।

यदि 21 अगस्त, 2026 को या उससे पहले वैध दावा प्राप्त नहीं होता है, तो कंपनी बिना किसी पूर्व सूचना के, देय लाभांश और इक्विटी शेयरों को आईईपीएफ प्राधिकरण के पक्ष में हस्तांतरित कर देगी। कृपया ध्यान दें कि उक्त नियमों के अनुसार, अदावाकृत लाभांश राशि और आईईपीएफ को हस्तांतरित शेयरों के संबंध में कंपनी के विरुद्ध कोई दावा नहीं किया जा सकेगा। कृपया ध्यान दें कि संबंधित शेयरधारक निर्धारित फॉर्म आईईपीएफ-5 में ऑनलाइन आवेदन करके और फॉर्म आईईपीएफ-5 में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों की भौतिक प्रति कंपनी के नोडल अधिकारी को भेजकर आईईपीएफ प्राधिकरण से शेयरों और लाभांश का दावा कर सकते हैं।

उपरोक्त मामले पर किसी भी प्रश्न के लिए, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, सुश्री रजिता चोलेटी, उपाध्यक्ष, मेसर्स केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड यूनिट: वैभव ग्लोबल लिमिटेड, सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31-32, गाचीबोवली फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरलिंगमपल्ली, हैदराबाद - 500032 फोन नंबर: 1800-309-4001, ईमेल आईडी: einward.ris@kfintech.com से संपर्क करें।

नोटः शेयरधारको से निवेदन है कि वे फिजिकल शेयर्स को डीमैट के रूप में स्थानांतरण करें (इलेक्ट्रॉनिक मोड-अगर स्थानांतरण नहीं किया है) और ईमेल आईडी के साथ बैंक खाते के विवरण को भी अपडेट करें। जिससे डिविडेंड की राशि सीधे आपके बैंक खाते में समय पर जमा हो जाएगा।

स्थान : जयपुर
दिनांक : 26 मई, 2026

कृते वैभव ग्लोबल लिमिटेड
हस्ता./-
यशस्वी पारीक
कंपनी सचिव
सदस्यता संख्या- A39220

• यह सूचना अंग्रेजी प्रारूप का रूपांतरण है।


# फैशन फैक्ट्री की 'ब्लैक वीकेंड सेल', 1 खरीदें और 2 मुफ्त पाएं, 27 से 31 मई तक देशभर के स्टोर्स में चलेगी सेल

मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज

अगर आप नए कपड़े खरीदने की सोच रहे हैं तो फैशन फैक्ट्री अपने ग्राहकों के लिए 'ब्लैक वीकेंड सेल' लेकर आया है। इस सेल में ग्राहकों को 'Buy 1 Get 2 Free' यानी एक खरीदने पर दो मुफ्त का ऑफर मिलेगा। यह सेल 27 मई से 31 मई तक देशभर के फैशन फैक्ट्री स्टोर्स पर चलेगी।

कंपनी के मुताबिक यह ऑफर ऑफिस वियर, कैजुअल वियर, पार्टी वियर, डेनिम, शर्ट, ट्राउजर, टी-शर्ट और महिलाओं के एथनिक वियर समेत




लगभग सभी कपड़ों की श्रेणियों पर उपलब्ध रहेगा। सेल में ली कूपर, लुई फिलिप, पार्क एवेन्यू, पीटर इंग्लैंड, किलर और ड्यूक जैसे कई बड़े ब्रांड शामिल होंगे। कंपनी ने बताया कि इस बार ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचाने के लिए एक खास 'ब्लैक पास' जारी करेगी। इसके जरिए ग्राहक आम बिक्री शुरू होने से पहले ही सेल में एंट्री पा सकते हैं। इसके लिए सिर्फ 9321661199 पर मिस्ड कॉल देनी होगी। फैशन फैक्ट्री के मुताबिक इस सेल को खास तौर पर ऐसे ग्राहकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो किफायती कीमतों में ज्यादा विकल्प और बड़े ब्रांड्स की खरीदारी करना चाहते हैं।


## तिजारिया पॉलीपाइप्स लिमिटेड

TIJARIA

पंजीकृत कार्यालय : एसपी-1-2316, रीको औद्योगिक क्षेत्र, रामचन्द्रपुरा, सीतापुरा विस्तार, जयपुर-302022,
टेलीफैक्स: 0141-2333722, ईमेल: INVESTORS@TIJAIRA-PIPES.COM
सीआईएन: L25209RJ2006PLC022828

**31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित एकल वित्तीय परिणामों के विवरण का अंश**

(ईपीएस को छोड़कर रुपए लाखों में)

| क्र.सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.03.2026 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2026 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31.03.2025 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | परिचालनों से कुल आय व अन्य | 6.60 | 22.29 | 29.78 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि), (कर, असाधारण और या असाधारण वस्तुओं से पहले) | (29.92) | (128.72) | (230.46) |
| 3. | अवधि के लिए कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और या असाधारण वस्तुओं के बाद) | (29.92) | (128.72) | (543.01) |
| 4. | अवधि के लिए कर के बाद शुद्ध लाभ / (हानि) (असाधारण और या असाधारण वस्तुओं के बाद) | (29.92) | (128.72) | (543.01) |
| 5. | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए (कर पश्चात) समावेशित लाभ/(हानि )और अन्य समावेशित आय (कर पश्चात) | (29.92) | (128.72) | (543.01) |
| 6. | समता अंश पूंजी (रु.10/- प्रति का अंकित मूल्य) | 2862.66 | 2862.66 | 2862.66 |
| 7. | आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का अंकित मूल्य) (वार्षिक नहीं) मूल | (1.10) | (0.45) | (1.90) |
| | तनुकृत | (1.10) | (0.45) | (1.90) |

टिप्पणियां:
1. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा और अनुशंसा की गई है और 26 मई, 2026 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
2. जहां भी आवश्यक समझा गया, पिछली अवधि के आंकड़ों को पुनर्समूहित/पुर्नव्यवस्थित किया गया है।
3. 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही के आंकड़े 31 मार्च 2026 को समाप्त होने वाली बारह महीनों की पूरी अवधि के लेखापरीक्षित आंकड़ों और 31 दिसंबर 2025 तक प्रकाशित गैर-लेखापरीक्षित आंकड़ों के बीच संतुलन आंकड़े हैं, जो वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही की समाप्ति तिथि हैं।
4. परिचालन खंड: कंपनी मुख्य रूप से दो खंडों अर्थात पाइप और वस्त्र में काम करती है। प्रत्येक परिचालन खंड के लिए विचार किए जाने वाले उत्पाद हैं: 1) पाइप्स में एचडीपीई, पीवीसी पाइप, सिंचाई प्रणाली शामिल हैं;
2) टेक्सटाइल में मिंक कंबल, मास्क शामिल हैं
5. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल किए गए तिमाही/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। त्रैमासिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइटों अर्थात् www.nseindia.com और www.bseindia.com पर उपलब्ध है।

निदेशक मंडल के लिए और की ओर से
प्रवीण जैन तिजारिया
हस्ता/-
पूर्णकालिक निदेशक
(डीआईएन: 00115002)

स्थान: जयपुर
दिनांक: 26.05.2026


# अंबुजा सीमेंट्स की जलग्रहण आधारित पहल से सेरजेरी गांव में सतत समृद्धि का मार्ग प्रशस्त

हिमाचल प्रदेश | बिज़नेस रेमेडीज

वैश्विक स्तर पर भवन निर्माण सामग्री समाधान प्रदाताओं में 9वें स्थान पर मौजूद और विविधीकृत अदाणी समूह पोर्टफोलियो का हिस्सा अंबुजा सीमेंट्स, सोलन जिले के कुनिहार ब्लॉक के सेरजेरी गांव में एकीकृत जलग्रहण विकास और नवीकरणीय ऊर्जा आधारित सिंचाई समाधानों के जरिये जल सुरक्षा और टिकाऊ ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा दे रही है। अंबुजा सीमेंट्स की खनन क्षेत्र के निकट स्थित सेरजेरी गांव में अनियमित वर्षा और सिंचाई सुविधाओं की कमी के कारण गंभीर जल संकट था।


## नीलकंठ रॉक-मिनरल्स लिमिटेड

CIN: L14219RJ1988PLC062162
पंजीकृत कार्यालयः फ्लैट नं. 606, स्कीम चौपासानी जागीर, खसरा नं. 175/74, प्लॉट नं. 15/16 जोधपुर, राजस्थान-342001
ई-मेलः info@neelrock.com टेलिफोनः +0291-2631839

**सूचना**

एतद् द्वारा सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 47 और विनियम 33 के अनुपालन में यह सूचना दी जाती है कि कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक शनिवार, 30 मई, 2026 को पंजीकृत कार्यालय, फ्लैट संख्या 606, स्कीम चोपासानी जागीर, खसरा संख्या 175/74, प्लॉट संख्या 15/16, जोधपुर, राजस्थान - 342001 में आयोजित की जाएगी, जिसमें अन्य बातों के अलावा, 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार किया जाएगा।

बोर्ड के आदेशानुसार
नीलकंठ रॉक-मिनरल्स लिमिटेड के लिए
कृते/-
नोरतमल कवार
प्रबंध निदेशक

दिनांकः 26.05.2026
स्थानः जोधपुर





गुजरात के सूरत आधारित एफएमसीजी कंपनी तापी फ्रूट प्रोसेसिंग लिमिटेड ने नया उत्पाद सोर क्यूब्स लॉन्च किया।

# सोने और चांदी की कीमतों में कमजोर रूख देखने को मिला

**मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज।** सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को कमजोरी देखने को मिली। इससे सोने का दाम 1.58 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 2.70 लाख रुपए प्रति किलो से नीचे पहुंच गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम 1,246 रुपए कम होकर 1,57,611 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,58,857 रुपए प्रति 10 ग्राम था। 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,513 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 1,44,372 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। 18 कैरेट सोने का दाम 1,19,143 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 1,18,208 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी तेज गिरावट देखने को मिली है। चांदी का दाम 4,887 रुपए कम होकर 2,66,213 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,71,100 रुपए प्रति किलो था।


## मध्यभारत एग्रो प्रोडक्टस लिमिटेड

OSTWAL

सीआईएन: L24121RJ1997PLC029126
पंजीकृत कार्यालयः विंग ए/1, 1st फ्लोर, ओस्तवाल हाइट्स, अर्बन फारेस्ट, आटून, भीलवाड़ा, 311802, राजस्थान
फोन न.- 01482-237104, ई-मेलः secretarial@mbapl.com, वेबसाइटः www.mbapl.com

**29 वीं वार्षिक आम बैठक से संबंधित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) की सुचना**

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुपालन में, और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सामान्य नियमों के साथ बनाए गए नियम सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020, 20/2020 दिनांक 05 मई 2020, 02/2021 दिनांक 13 जनवरी 2021, 21/2021 दिनांक 14 दिसंबर 2021, 02/2022 दिनांक 05 मई 2022, 11/2022 दिनांक 28 दिसंबर 2022, 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023, 09/2024 दिनांक 19 सितम्बर 2024, और 03/2025 दिनांक 22 सितम्बर 2025, सेबी परिपत्र दिनांक 5 जनवरी 2023, 7 अक्टूबर, 2023 और 3 अक्टूबर, 2024 इसके तहत बनाए गए नियम और सेबी (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 जिसे भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा समय-समय पर जारी प्रासंगिक परिपत्रों के साथ पढ़ा गया (इसके बाद सामूहिक रूप से 'परिपत्र' के रूप में संदर्भित), के तहत 29 वीं वार्षिक आम बैठक कंपनी की (एजीएम) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ('वीसी') /अन्य ऑडियो-विजुअल के माध्यम से, बुधवार, 24 जून 2026 को सुबह 11:00 बजे आयोजित की जाएगी। जिसमे एजीएम की सूचना में उल्लेखित व्यवसायों को सम्पादित किया जायेगा।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से उन सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) के साथ पंजीकृत हैं एवं कंपनी, SEBI (LODR) के रेगुलेशन 36(1)(b) के अनुसार, उन सदस्यों को एक अलग पत्र भेजेगी जिन्होंने कंपनी के साथ अपने ईमेल पते रजिस्टर नहीं करवाए हैं; इस पत्र में वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 का वेब-लिंक दिया जाएगा। नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www. mbapl.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ('एनएसई') की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध होगी। सदस्य एजीएम में केवल वीसी सुविधा के माध्यम से ही शामिल हो सकते हैं। एजीएम में शामिल होने के तरीके के निर्देश नोटिस में प्रदान किए जाएंगे। वीसी के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों की गणना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के तहत कोरम की गणना के लिए की जाएगी।

शेयरधारकों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में नोटिस, वार्षिक रिपोर्ट और अन्य संचार भेजने के लिए, जिन शेयरधारक ने अभी तक अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी के माध्यम से डिपॉजिटरी के साथ इलेक्ट्रॉनिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में तुरंत इसे पंजीकृत करें और भौतिक रूप में धारित शेयरों के संबंध में कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को investor@bigshareonline.com पर संपर्क कर पंजीकृत करें।

कंपनी अपने सभी सदस्यों को नोटिस में निर्धारित प्रस्तावों पर वोट डालने के लिए रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान करेगी। साथ ही कंपनी एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के जरिए वोटिंग की सुविधा भी देगी। एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की विस्तृत प्रक्रिया नोटिस में प्रदान की गई है।

अंतिम लाभांश का भुगतान इलेक्ट्रॉनिक रूप से उन शेयरधारकों को किया जाएगा जिन्होंने अपने बैंक खाते के विवरण को अपडेट किया है। जिन शेयरधारकों ने अपने बैंक खाते का विवरण अपडेट नहीं किया है, उनके लिए लाभांश वारंट/डिमांड ड्राफ्ट/चेक डाक सुविधा से उनके पंजीकृत पते पर भेज दिए जाएंगे। लाभांश प्राप्त करने में देरी से बचने के लिए, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने KYC को अपने डिपॉजिटरी (जहां शेयर डीमैटीरियलाइज्ड मोड में रखे गए हैं) के साथ अपडेट करें ताकि भुगतान तिथि पर सीधे उनके बैंक खाते में लाभांश प्राप्त किया जा सके।

निर्देशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड
हस्ताक्षरित /-
(पल्लवी सुखवाल)
कम्पनी सचिव

स्थान- भीलवाडा
तिथि- 26/05/2026



## DHABRIYA POLYWOOD LIMITED

POLYWOOD SINCE 1992

Extract of Consolidated Audited Financial Results for the Quarter & Year ended March 31, 2026

REVENUE UP BY 12.5%
PAT UP BY 67.2%
EBIDTA UP BY 45.6%

| SL. | PARTICULARS | QUARTER ENDED 31.03.2026 Audited | QUARTER ENDED 31.12.2025 Unaudited | QUARTER ENDED 31.03.2025 Audited | YEAR ENDED 31.03.2026 Audited | YEAR ENDED 31.03.2025 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations | 6973.64 | 6566.04 | 6346.77 | 26447.85 | 23510.94 |
| 2. | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 1166.48 | 1033.62 | 706.36 | 4067.15 | 2460.90 |
| 3. | Net Profit for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 1166.48 | 1033.62 | 706.36 | 4067.15 | 2460.90 |
| 4. | Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 832.67 | 766.16 | 537.46 | 3014.04 | 1802.76 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period | 859.79 | 766.16 | 547.98 | 3041.16 | 1813.28 |
| 6. | Equity Share Capital (face Value of ₹ 10/- each) | 1082.42 | 1082.42 | 1082.42 | 1082.42 | 1082.42 |
| 7. | Earnings Per Share (of ₹10/- each) 1. Basic & Diluted | 7.69 | 7.08 | 4.97 | 27.85 | 16.65 |

(₹ In Lakhs, except per share data)

Notes:
1. These Results have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meeting held on 26th May, 2026.
2. The Board of Directors have recommended a Dividend of ₹0.70 per share (Face Value of ₹10/- each) for the year ended March 31, 2026.
3. Information on StandaloneAudited Financial Results of the Company is as under:

| SL. | PARTICULARS | QUARTER ENDED 31.03.2026 Audited | QUARTER ENDED 31.12.2025 Unaudited | QUARTER ENDED 31.03.2025 Audited | YEAR ENDED 31.03.2026 Audited | YEAR ENDED 31.03.2025 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Turnover | 3981.31 | 3639.99 | 3393.59 | 14784.48 | 13025.5 |
| 2. | Profit before tax | 581.79 | 508.32 | 282.32 | 1873.56 | 1025.10 |
| 3. | Total Comprehensive Income for the period | 441.07 | 391.86 | 225.80 | 1438.88 | 770.90 |

3. The above is an extract of the detailed format of Audited Quarterly & Yearly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Audited Quarterly & Yearly Financial Results are available on the Stock Exchange(s) website www.bseindia.com and on the company's website www.poywood.org

Scan to Download Financial Results

POLYWOOD www.polywood.org | D-STONA www.dstona.com | Dynasty www.dynastyfurnitures.com | STUDIO AREZZO www.studioarezzo.in

For Dhabriya Polywood Limited
Sd/-
Digvijay Dhabriya
Managing Director
DIN: 00519946
Jaipur, 26th May, 2026

Regd. Office : B-9 D (1), Malviya Industrial Area, Jaipur - 302 017 Rajasthan, India | Tel No. : 0141-4057171
E-mail : cs@polywood.org . Website: www.polywood.org | CIN : L29305RJ1992PLC007003

# ताकत के जरिए यथास्थिति बदलने की कोशिशों के विरोध में सहमत हुए क्वाड देश : तोशिमित्सु मोटेगी

**नई दिल्ली | एजेंसी**

क्वाड देशों ने ताकत या दबाव के जरिए एकतरफा तरीके से मौजूदा स्थिति बदलने की कोशिशों का कड़ा विरोध करने पर सहमति जताई है। यह बात क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोटेगी ने कही। उन्होंने कहा कि क्वाड देश उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि आज की बैठक, हमें यह साफ और मजबूत संदेश देने का अच्छा मौका थी कि क्वाड इस दिशा में जरूरी और ठोस सहयोग को



आगे बढ़ाएगा। खुलकर हुई चर्चा के दौरान हम क्षेत्रीय हालात को लेकर अपनी रणनीतिक सोच को एक जैसा करने में सफल रहे और इस बात पर सहमत हुए कि ताकत या दबाव के जरिए एकतरफा तरीके से यथास्थिति बदलने की किसी भी कोशिश का हम कड़ा विरोध करेंगे।

जापानी विदेश मंत्री ने कहा कि क्वाड देशों ने महत्वपूर्ण खनिजों के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों को लेकर 'गहरी चिंता' जताई है। मोटेगी ने बताया कि बैठक में उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों के साथ-साथ उसकी साइबर गतिविधियों पर भी चर्चा हुई। हमने उत्तर कोरिया के पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि क्वाड देशों ने होर्मुज़ स्ट्रेट में सुरक्षित और स्वतंत्र समुद्री आवाजाही सुनिश्चित करने और मध्य पूर्व में स्थिरता बनाए रखने के लिए कूटनीतिक प्रयासों की अहमियत पर जोर दिया।

विदेश मंत्री तोशिमित्स मोटेगी ने कहा, कि ईरान की स्थिति का इंडो-पैसिफिक क्षेत्र पर, खासकर ऊर्जा आपूर्ति के मामले में, बड़ा असर पड़ता है। इसलिए हमने होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित और स्वतंत्र नौवहन सुनिश्चित करने और मध्य पूर्व में स्थिरता लाने के लिए कूटनीतिक प्रयासों की अहमियत पर सहमति जताई। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में ऊर्जा की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई एनर्जी सिक्योरिटी इनिशिएटिव एक सही समय पर उठाया गया कदम है। हम इसे जापान के 'पावर एशिया' कार्यक्रम के साथ जोड़ना चाहते हैं, जो कच्चे तेल और पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद के लिए बनाया गया सहयोग ढांचा है। उन्होंने क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव फ्रेमवर्क को सप्लाई चेन मजबूत करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया। मोटेगी ने कहा कि इस तरह आज हमने कई सहयोगी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर सहमति बनाई है।

## 'ईरान ने संवर्धित यूरेनियम को देश से बाहर भेजने पर कोई सहमति नहीं दी'

**तेहरान | एजेंसी**

ईरान ने साफ किया है कि उसने अपने संवर्धित यूरेनियम को देश से बाहर भेजने पर कोई सहमति नहीं दी है। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम ने उन खबरों को गलत बताया है, जिनमें दावा किया गया था कि ईरान अपने उच्च स्तर के संवर्धित यूरेनियम को दूसरे देश में भेजने के लिए तैयार है।

सऊदी अरब के चैनल अल हदाथ ने एक रिपोर्ट में कहा था कि तेहरान और वाशिंगटन के बीच संभावित समझौते को लेकर बातचीत चल रही है और ईरान यूरेनियम बाहर भेजने के लिए तैयार हो सकता है। लेकिन तस्नीम एजेंसी ने अपनी जांच के बाद कहा कि यह दावा सही नहीं है। एजेंसी के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच जिस समझौता ज्ञापन यानी एमओयू पर चर्चा हो रही है, उसमें कहीं भी यह नहीं लिखा है कि ईरान अपने परमाणु पदार्थों को देश से बाहर भेजेगा। रिपोर्ट में कहा गया कि ईरान ने परमाणु गतिविधियों को लेकर कोई नया वादा नहीं किया है। तस्नीम के अनुसार, सऊदी मीडिया की ऐसी खबरें अमेरिका की 'मनोवैज्ञानिक रणनीति' का हिस्सा हो सकती हैं, जिनका मकसद बातचीत के माहौल को प्रभावित करना है। इधर, ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के सचिव मोहम्मद बाघेर जोलघाद्र ने सोमवार को देश के नाम संदेश में कहा कि ईरान पीछे हटने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजरायल के दबाव का सामना करने के लिए देश में एकता और मजबूत सहयोग जरूरी है।वहीं, शनिवार को ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सरकारी टीवी चैनल आईआरआईबी से बातचीत में कहा था कि ईरान और अमेरिका युद्ध खत्म करने के लिए एक समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों पक्ष पहले 14 बिंदुओं वाले एमओयू पर सहमत होना चाहते हैं। इसके बाद 30 से 60 दिनों के भीतर अंतिम समझौते तक पहुंचने की कोशिश की जाएगी। उनके मुताबिक, इस प्रस्तावित समझौते में अमेरिका द्वारा समुद्री हमलों को रोकना, नौसैनिक घेराबंदी खत्म करना और विदेशों में फंसी ईरानी संपत्तियों को जारी करने जैसे मुद्दे शामिल हैं। गौरतलब है कि ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच 40 दिनों तक चले संघर्ष के बाद 8 अप्रैल को युद्धविराम हुआ था।

## ऑस्ट्रेलिया में घटे बिजली के दाम, एक जुलाई से ज्यादातर घरों और छोटे कारोबारों को राहत

**कैनबरा | एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के ऊर्जा नियामक ने कहा है कि एक जुलाई से ज्यादातर घरों और छोटे कारोबारों के लिए बिजली की कीमतें कम हो जाएंगी। यह कमी बिजली सेक्टर में लागत घटने की वजह से हो रही है। ऑस्ट्रेलियन एनर्जी रेगुलेटर (एईआर) ने बताया कि 2026-27 के लिए उसका फाइनल डिफाल्ट मार्केट ऑफर (डीएमओ) तय हो गया है। इसके तहत न्यू साउथ वेल्स में घरेलू बिजली की कीमतें 3.4 प्रतिशत से पांच प्रतिशत तक कम होंगी। वहीं क्वींसलैंड में करीब 7.2 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिलेगी। दूसरी तरफ साउथ ऑस्ट्रेलिया में थोड़ा बदलाव उल्टा होगा, जहां कीमतें लगभग 1.4 प्रतिशत बढ़ जाएंगी। छोटे व्यवसायों के लिए तीनों इलाकों में बिजली सस्ती होगी। एईआर ने कहा कि डीएमओ एक तरह का सुरक्षा विकल्प और एक बेंचमार्क कीमत है, जो उन लोगों के लिए होती है जो स्टैंडर्ड बिजली प्लान पर हैं। हालांकि नॉर्दर्न टेरिटरी, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया, तस्मानिया और क्वींसलैंड के कुछ ग्रामीण इलाके अलग-अलग कीमत प्रणाली के तहत आते हैं, फिर भी डीएमओ पूरे देश में बिजली की कीमतों का एक अहम संकेतक माना जाता है।

क्लाइमेट चेंज और एनर्जी मंत्री क्रिस बोवेन ने कहा कि बिजली की कीमतों में यह गिरावट इस बात के साथ मेल खाती है कि ऑस्ट्रेलिया के मुख्य बिजली ग्रिड्स ने 2025 के आखिर में 50 प्रतिशत से ज्यादा बिजली नवीकरणीय ऊर्जा से बनानी शुरू कर दी है। इससे थोक बिजली की कीमतें नीचे आ रही हैं और इसका असर धीरे-धीरे बिलों पर भी दिखने लगा है। उन्होंने कहा कि ज्यादा नवीकरणीय ऊर्जा और स्टोरेज सिस्टम के आने से कोयले पर निर्भरता कम हो रही है, जिससे बिजली सस्ती होने का दबाव बन रहा है। एईआर की चेयर क्लेयर सैवेज ने कहा कि थोक बिजली लागत में कमी, कीमतों में कम उतार-चढ़ाव और पवन ऊर्जा व बैटरी जैसी रिन्यूएबल सोर्स से ज्यादा उत्पादन होने की वजह से यह गिरावट आई है।

## क्वाड बैठक : ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने इंडो-पैसिफिक को मुक्त, शांतिपूर्ण और समृद्ध रखने पर दिया जोर

**नई दिल्ली | एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग ने मंगलवार को कहा कि क्वाड देश चाहते हैं कि यह समूह 'मजबूत और असरदार' बने ताकि वे मिलकर काम करते रहें और अपनी गति बनाए रखें। साथ ही, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र 'मुक्त, खुला, शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध' होना चाहिए।

नई दिल्ली में मंगलवार को हुई क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में शुरुआती बयान देते हुए पेनी वोंग ने कहा, 'हम चार संप्रभु देश हैं। हमारा अपना-अपना इतिहास है, अपने-अपने हित हैं लेकिन हमारे हितों में



काफी समानता है। हम सभी इंडो-पैसिफिक के लिए एक साझा दृष्टि रखते हैं। एक ऐसा क्षेत्र जो मुक्त और खुला हो, शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हो। हम सभी अपनी-अपनी खास समझ, अनुभव और ताकत लेकर मिलकर काम करते हैं ताकि ऐसा क्षेत्र बनाया जा सके।' उन्होंने कहा कि क्वाड के रूप में हमने ठोस नतीजे दिए हैं, खासकर जब हमने प्राकृतिक आपदाओं पर प्रतिक्रिया दी है। हमने म्यांमार में आए भूकंप या पापुआ न्यू गिनी में हुए भूस्खलन जैसी घटनाओं से प्रभावित लोगों की मदद के लिए मिलकर काम किया है। 'हमने अहम बुनियादी ढांचे, जैसे समुद्र के नीचे बिछी केबलो, पर भी सहयोग किया है। समुद्री सुरक्षा और जरूरी खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) के क्षेत्र में भी हमने साथ काम किया है। हम सभी चाहते हैं कि क्वाड जितना हो सके उतना मजबूत और असरदार बने, और इसका फोकस परिणाम देने पर रहे। हम इसकी रफ्तार बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। यही वह भविष्य है जो हम अपने क्षेत्र के लिए चाहते हैं। एक शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध क्षेत्र, और आज हम उसी दिशा में काम आगे बढ़ा रहे हैं।' विदेश मंत्री पेनी वोंग ने भारत की भूमिका की भी तारीफ की और इस बैठक को अहम बताया।

उन्होंने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में मिल रहे हैं, और भारत एक ऐसा देश है जो इंडो-पैसिफिक और दुनिया को आकार देने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सचिव रुबियो के लिए पेनी वोंग ने कहा, आपने पद संभालने के बाद क्वाड में जो नेतृत्व दिखाया है, हम उसकी सराहना करते हैं। आपकी पहली बैठकों में से एक क्वाड की बैठक थी, और मंत्री मोतेगी शुरू से ही इसमें जुड़े हुए हैं, यानी वे क्वाड के शुरुआती मंत्रियों में से एक हैं, उनके नेतृत्व के लिए भी धन्यवाद।'

## बीमा/ बैंकिंग/ ज्वैलरी

Emerging Entrepreneur

एवरी मॉर्निंग कार्टेल के संस्थापक नील कंवरजानी और ऋषिराज कंवरजानी का सफर

# क्रिएटिव कैफे कॉन्सेप्ट को लेकर बनाए स्टार्टअप ने बनाई नेशनल लेबल पर पहचान

**जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज**

क्रिएटिव कैफे कॉन्सेप्ट को लेकर वर्ष, 2023 में नील कंवरजानी और ऋषिराज कंवरजानी ने स्टार्टअप एवरी मॉर्निंग कार्टेल शुरू कर नेशनल लेबल पर अपनी पहचान कायम की है। इसे इस सोच के साथ बनाया गया था कि रेगुलर कैफे विजिट को एक पूरा कल्चरल एक्सपीरियंस बनाया जा सके। मुंबई के कांदिवली में मौजूद इस ब्रांड ने क्रिएटिविटी, कम्युनिटी और इमर्सिव डाइनिंग पर खास ध्यान देते हुए भारत के प्रीमियम कैफे मार्केट में कदम रखा। खुद को सिर्फ एक और कॉफी शॉप के तौर पर दिखाने के बजाय फाउंडर एक ऐसी जगह बनाना चाहते थे जहां खाना, म्यूजिक, आर्ट और बातचीत अपने आप एक साथ मिल सकें। एवरी मॉर्निंग कार्टेल के पीछे का कॉन्सेप्ट जापानी 'ओमाकासे' स्टाइल के खाने से प्रेरित था, जहां कस्टमर अनुभव को क्यूरेट करने के लिए शेफ पर भरोसा करते हैं। यह कैफे जल्द ही अपनी स्पेशलिटी कॉफी, माचा बेवरेज, डेजर्ट, कोल्ड कॉफी और शेफ के टेस्टिंग अनुभवों के लिए जाना जाने लगा। जो कस्टमर को पारंपरिक कैफे मेन्यू से अलग कुछ देते थे। इसके विजुअली डिजाइन किए गए इंटीरियर और युवाओं पर फोकस करने वाली ब्रांडिंग ने जल्दी ही Gen Z ऑडियंस को अट्रैक्ट किया, जो ऐसे एस्थेटिक कैफे ढूंढ रहे थे जो एक्सक्लूसिविटी और कम्युनिटी का एहसास भी दें। कंपनी लॉन्च करने से पहले नील कंवरजानी को खाने और कैफे कल्चर में दिलचस्पी थी, जबकि ऋषिराज कंवरजानी ने बिजनेस के क्रिएटिव और ब्रांडिंग साइड पर ज्यादा ध्यान दिया। दोनों भाइयों ने मिलकर एवरी मॉर्निंग कार्टेल को एक मॉडर्न हॉस्पिटैलिटी ब्रांड बनाया जिसकी एक अलग पहचान थी। कहानी कहने, डिजाइन और कस्टमर एंगेजमेंट के उनके तरीके ने कैफे को मुंबई के बहुत ज्यादा कॉम्पिटिटिव हॉस्पिटैलिटी मार्केट में सबसे अलग दिखने में मदद की। सोशल मीडिया ने भी ब्रांड के आगे बढ़ने में बड़ी भूमिका निभाई, कस्टमर अक्सर कैफे के




इंटीरियर, ड्रिंक्स और चुने हुए एक्सपीरियंस ऑनलाइन शेयर करते थे।

### क्लैरिटी, कॉन्फिडेंस और फाइनेंशियल परफॉर्मेंस से किया पैनल को इम्प्रेस

शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में आने के बाद इस स्टार्टअप को नेशनल पहचान मिली। ट्रेडिशनल बिजनेस पिच के उलट फाउंडर्स ने स्टेज पर ही एक शानदार फाइन डाइनिंग स्टाइल सेटअप बनाया, जिसमें शार्क्स को क्यूरेटेड खाना और ड्रिंक्स सर्व किए गए। उनके प्रेजेंटेशन ने तुरंत ध्यान खींचा क्योंकि यह एक स्टैंडर्ड कैफे डेमोंस्ट्रेशन से ज्यादा एक एक्सपीरियंस जैसा लगा। फाउंडर्स ने 5 परसेंट इक्विटी के लिए 2 करोड़ रुपए मांगे, जिससे कंपनी की वैल्यूएशन 40 करोड़ रुपए हो गई। जबकि कुछ शार्क्स ने उस समय बिजनेस के सिर्फ एक आउटलेट चलाने की वजह से वैल्यूएशन पर सवाल उठाए, फाउंडर्स ने अपनी क्लैरिटी, कॉन्फिडेंस और फाइनेंशियल परफॉर्मेंस से पैनल को इम्प्रेस किया। पिच के दौरान फाउंडर्स ने बताया कि एवरी मॉर्निंग कार्टेल ने इस साल अब तक लगभग 1.14 करोड़ रुपए का रेवेन्यू कमाया है। उन्होंने यह भी बताया कि सेल्स खाने-पीने की चीजों में लगभग बराबर बंटी हुई थी, जो पूरे मेन्यू में बैलेंस्ड डिमांड को दिखाता है। पिच की सबसे बड़ी खासियतों में से एक कंपनी का EBITDA मार्जिन था, जो कथित तौर पर 30 परसेंट से ज्यादा था। लगभग 850 स्क्वॉयर फीट में फैले एक ही आउटलेट से चलने के बावजूद कैफे ने अपने एक्सपीरियंस पर आधारित अप्रोच और प्रीमियम पोजिशनिंग की वजह से पहले ही एक मजबूत कस्टमर बेस बना लिया था।

### मॉडर्न प्रीमियम कैफे इंडस्ट्री में उभरते नामों में से बना एक

बातचीत के बाद अमन गुप्ता और रितेश अग्रवाल ने मिलकर कंपनी में 12 परसेंट इक्विटी के लिए 2 करोड़ रुपए इन्वेस्ट किए। यह डील इस सीजन के यादगार हॉस्पिटैलिटी इन्वेस्टमेंट में से एक बन गई और पूरे भारत में स्टार्टअप की विजिबिलिटी काफी बढ़ गई। शार्क्स का मानना था कि फाउंडर्स में एवरी मॉर्निंग कार्टेल को एक बड़े लाइफस्टाइल और हॉस्पिटैलिटी ब्रांड में बदलने का पोटेंशियल था, जो शहरी युवा ऑडियंस को टारगेट करता था, जो प्रोडक्ट्स के साथ-साथ एक्सपीरियंस को भी उतना ही महत्व देते हैं। वर्ष, 2026 तक एवरी मॉर्निंग कार्टेल चालू हो गया लगता है और कैफे एक्सपीरियंस, सोशल मीडिया एंगेजमेंट और कम्युनिटी-ड्रिवन ब्रांडिंग इनिशिएटिव के जरिए अपनी मौजूदगी बनाए हुए है। हालांकि बिजनेस अभी भी अपने शुरुआती ग्रोथ फेज में है, लेकिन शार्क टैंक इंडिया पर इसके आने से यह मुंबई के एक लोकल कैफे से भारत की मॉडर्न प्रीमियम कैफे इंडस्ट्री में उभरते नामों में से एक बन गया है।

## हेक्सागन न्यूट्रिशन लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम 5 जून को खुलेगा

## प्राइस बैंड 42 प्रति इक्विटी शेयर से 45 प्रति इक्विटी शेयर तय किया है।

**मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज**

हेक्सागन न्यूट्रिशन लिमिटेड (कंपनी) ने घोषणा की है कि उसका 1 अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) शुक्रवार, 5 जून 2026 को खुलेगा। ऑफर का प्राइस बैंड 42 प्रति इक्विटी शेयर से 45 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। निवेशक न्यूनतम 333 इक्विटी शेयरों तथा उसके बाद 333 के गुणकों में बोली लगा सकेंगे। एंकर निवेशकों के लिए बोली लगाने की तिथि, बोली/ऑफर खुलने की तिथि से एक कार्य दिवस पूर्व यानी गुरुवार, 4 जून 2026 निर्धारित की गई है। बोली/ऑफर बंद होने की तिथि मंगलवार, 9 जून 2026 होगी।

यह ऑफर मौजूदा शेयरधारकों द्वारा अधिकतम 3,08,59,704 इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश का है, जिसकी कुल राशि लगभग 1,388.69 मिलियन (ऊपरी प्राइस बैंड पर लगभग ?138.87 करोड़) है। यह बिक्री प्रमोटर शेयरधारकों अरुण पुरुषोत्तम केलकर, सुभाष पुरुषोत्तम केलकर, आदित्य केलकर तथा प्रमोटर समूह शेयरधारक नूतन सुभाष केलकर द्वारा की जाएगी। हेक्सागन न्यूट्रिशन लिमिटेड एक केंद्रित न्यूट्रिशन कंपनी है, जो रिसर्च-आधारित और विशिष्ट दृष्टिकोण के साथ पोषण मूल्य श्रृंखला में कार्यरत है। कंपनी ब्रांडेड वेलनेस न्यूट्रिशन

HEXAGON NUTRITION® Nutritionally Yours...

एवं क्लिनिकल न्यूट्रिशन उत्पाद (बी2सी), प्रीमिक्स फॉर्मुलेशन (बी2बी2सी), तथा रेडी-टू-यूज़ फूड्स (आरयूएफ) और माइक्रोन्यूट्रिएंट पाउडर (एमएनपी) (ईएसजी सेगमेंट) के क्षेत्र में सक्रिय है।

कंपनी को भारत के सबसे बड़े प्रीमिक्स खिलाड़ियों में से एक माना जाता है और यह प्रमुख भारतीय तथा बहुराष्ट्रीय एफएमसीजी कंपनियों को कस्टमाइज्ड विटामिन एवं मिनरल प्रीमिक्स की आपूर्ति करती है। इसके अलावा, यह संयुक्त राष्ट्र कार्यक्रमों के अंतर्गत एमएनपी की सबसे बड़ी लाइसेंस प्राप्त आपूर्तिकर्ताओं में से एक है, जो वैश्विक फूड फोर्टिफिकेशन और सार्वजनिक स्वास्थ्य पहलों को समर्थन प्रदान करती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कंपनी का वितरण नेटवर्क 19 गैर-विशिष्ट क्षेत्रीय वितरकों के माध्यम से लैटिन अमेरिका, दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका और मध्य-पूर्व तक फैला हुआ है। कंपनी के दक्षिण अफ्रीका, उज्बेकिस्तान और हांगकांग में तीन विदेशी कार्यालय भी हैं, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार संचालन का समर्थन करते हैं। पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कंपनी ने 75 से अधिक देशों में अपने उत्पादों का निर्यात किया है। कंपनी ने स्वयं को वैश्विक पोषण विशेषज्ञता वाली समग्र न्यूट्रिशन कंपनी के रूप में स्थापित किया है। यह ऑफर एससीआरआर के नियम 19(2)(b) तथा सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 31 के तहत किया जा रहा है।

ऑफर कंपनी की पोस्ट-ऑफर चुकता इक्विटी शेयर पूंजी के कम-से-कम 25 प्रतिशत के लिए होगा। यह ऑफर सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 6(1) के अनुसार बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है। सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार, ऑफर का अधिकतम 50 प्रतिशत हिस्सा योग्य संस्थागत खरीदारों के लिए आरक्षित होगा। कंपनी, बुक रनिंग लीड मैनेजर्स के परामर्श से, क्यूआईबी हिस्से का अधिकतम 60त्न एंकर निवेशकों को आवंटित कर सकती है। इसमें से 40त्न हिस्सा घरेलू म्यूचुअल फंड, जीवन बीमा कंपनियों और पेंशन फंड्स के लिए आरक्षित रहेगा। इसके अतिरिक्त, नेट क्यूआईबी हिस्से का 5 प्रतिशत केवल म्यूचुअल फंड्स के लिए उपलब्ध रहेगा। ऑफर का कम-से-कम 15 प्रतिशत हिस्सा गैर-संस्थागत बोलीदाताओं (एनआईआई) के लिए तथा कम-से-कम 35त्न हिस्सा रिटेल व्यक्तिगत निवेशकों के लिए आरक्षित होगा, बशर्ते वैध बोलियां ऑफर मूल्य या उससे अधिक पर प्राप्त हों।

## राजस्थान: भारत के रिटेल निवेशक विस्तार को खामोशी से दे रहा है रफ्तार

**मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज**

भले ही यह बड़े राज्यों की तरह सुर्खियों में न रहता हो, लेकिन राजस्थान मजबूती से उन राज्यों के महत्वपूर्ण समूह का हिस्सा है जो भारत में नए निवेशकों की संख्या बढ़ाने में लगभग आधी हिस्सेदारी रख रहे हैं। एनएसई (NSE) के आंकड़ों से पता चलता है कि हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश और राजस्थान सहित शीर्ष राज्यों ने मिलकर नए निवेशक पंजीकरणों (रजिस्ट्रेशन) में लगभग 49 प्रतिशत का योगदान दिया है। यह भारत के पूंजी बाजार (कैपिटल मार्केट) के विस्तार की कहानी में राजस्थान के बढ़ते महत्व को रेखांकित करता है।

राजस्थान में वित्तीय बाजार के निवेशकों की संख्या में यह उछाल जयपुर, जोधपुर और कोटा जैसे अर्ध-शहरी (सेमी-अर्बन) जिलों में बढ़ते वित्तीय समावेशन (फाइनेंशियल इनक्लूजन) पर टिका हुआ है। पहली बार निवेश करने वाले लोगों की एक बड़ी संख्या एसआईपी (SIP), ईटीएफ (ETF) और डायरेक्ट स्टॉक्स के जरिए इक्विटी मार्केट में कदम रख रही है। राज्य का यह उभार एक व्यापक भौगोलिक विविधीकरण (ज्योग्राफिक डाइवर्सिफिकेशन) को दर्शाता है, जिसमें छोटे राज्य लगातार निवेशक आधार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा रहे हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि एनएसई के आंकड़े बताते हैं कि पारंपरिक रूप से शीर्ष पर रहने वाले बाजारों से इतर क्षेत्र अब लगभग 27 प्रतिशत निवेशकों की हिस्सेदारी रखते हैं, जो भागीदारी के बढ़ते दायरे को दर्शाता है। राजस्थान इस बदलाव में एक प्रमुख योगदानकर्ता है। यह एक गहरे रुझान का संकेत देता है कि भारत की इक्विटी संस्कृति (इक्विटी कल्चर) अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रह गई है; यह अखिल भारतीय (पैन-इंडिया), महत्वाकांक्षी और डिजिटल रूप से सक्षम हो चुकी है।

# खादी ग्रामोद्योग ने वित्त वर्ष 26 में 1.87 लाख करोड़ रुपए की बिक्री दर्ज की

**नई दिल्ली | एजेंसी**

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने बीते 12 वर्षों में देश में उत्पादन, बिक्री और रोजगार में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की है और इस दौरान कुल बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 तक 501 प्रतिशत बढ़कर 1.87 लाख करोड़ रुपए हो गई है। यह जानकारी सरकारी डेटा में मंगलवार को दी गई।

केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि आयोग ने प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों में नए मील के पत्थर हासिल किए हैं, जो मजबूत ग्रामीण आर्थिक विस्तार को दर्शाते हैं। उन्होंने बताया कि केवीआईसी का उत्पादन बीते 12 वर्षों में 380 प्रतिशत बढ़कर 1.25 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 2013-14 में 26,109 करोड़ रुपए था। साथ ही, खादी और ग्रामोद्योग आयोग में रोजगार 56 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 2.04 करोड़ तक पहुंच गया है, जो कि वित्त वर्ष 2013-14 में 1.30 करोड़ था। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2025 में बिक्री 2013-14 के स्तर से 447 प्रतिशत और उत्पादन 347 प्रतिशत बढ़ा, जबकि वित्त वर्ष 2024 में बिक्री आधार वर्ष की तुलना में 400 प्रतिशत और उत्पादन 315 प्रतिशत बढ़ा। चेयरमैन के अनुसार, यह मजबूत प्रदर्शन न केवल विकसित भारत 2047 के विजन में योगदान दे रहा है, बल्कि भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में स्थान दिलाने में भी सहायक है। चेयरमैन ने इस वृद्धि का श्रेय पीएम मोदी के मार्गदर्शन, महात्मा गांधी से मिली प्रेरणा और लाखों ग्रामीण कारीगरों के प्रयासों को दिया। आंकड़ों के मुताबिक, खादी वस्त्र उद्योग में तेज वृद्धि देखी गई, जिसमें उत्पादन लगभग 390 प्रतिशत बढ़कर 3,974 करोड़ रुपए हो गया, जबकि समीक्षाधीन अवधि के दौरान बिक्री 628 प्रतिशत बढ़कर 7,869 करोड़ रुपए हो गई। रोजगार सृजन वृद्धि का एक प्रमुख चालक बना हुआ है, जिसमें लगभग 1.99 करोड़ लोग ग्राम उद्योगों में कार्यरत हैं और सभी उद्योगों में कुल रोजगार बढ़कर 2.04 करोड़ हो गया है। इसी प्रकार, इस क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी भी तेजी से बढ़ रही है, जिनमें ट्रेनी की हिस्सेदारी लगभग 59 प्रतिशत है।

# तुनवाल ई-मोटर्स लिमिटेड को वित्त वर्ष 2026 में 50.51 फीसदी अधिक 27826.17 लाख रुपए का राजस्व

**जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज**

तेजी से बढ़ती इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी 'तुनवाल ई-मोटर्स लिमिटेड' डीलर विस्तार, इन-हाउस विनिर्माण उन्नयन, बेहतर कार्य संस्कृति और ग्राहकों के लिए आसान खरीद विकल्पों के साथ देश के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में एक मजबूत नाम के रूप में उभर रही है। कंपनी ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 के वार्षिक वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं।

31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 18486.82 लाख रुपए के मुकाबले 50.51 फीसदी अधिक 27826.17 लाख रुपए का कुल समेकित राजस्व अर्जित किया है। 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 में कंपनी ने 1283.51 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

**कंपनी की कारोबारी गतिविधियां :** दिसंबर 2018 में स्थापित, तुनवाल ई-मोटर्स लिमिटेड एक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) निर्माण कंपनी है जो उच्च गुणवत्ता वाले इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के डिजाइन, विकास, निर्माण और वितरण में माहिर है।

कंपनी ने विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थानीय बाजार में 23 से अधिक विभिन्न मॉडल पेश किए हैं। कंपनी की उपस्थिति 256 से अधिक डीलरों के नेटवर्क के माध्यम से 19 राज्यों में है। कंपनी के पास भारत में लगभग 256 डीलरों का नेटवर्क है। जब एक डीलर नियुक्त किया जाता है, तो कंपनी को उनसे ग्राहकों को नियमित रखरखाव, बैटरी प्रबंधन, निदान, सुरक्षा जांच और घटक प्रतिस्थापन जैसी बिक्री के बाद की सेवाएं प्रदान करने की आवश्यकता होती है। कंपनी की विनिर्माण इकाई पलसाना, सीकर में 8000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैली हुई है। तुनवाल ई-मोटर्स लिमिटेड पलसाना,सीकर स्थित अपने प्लांट में इलेक्ट्रिक बाइक बनाती है और निर्माण इकाई की क्षमता 41000 यूनिट तक उत्पादन करने की है। कंपनी परिचालन उत्कृष्टता बढ़ाने, उत्पादकता में सुधार और गुणवत्ता और सुरक्षा के अनुपालन मानकों को बनाए रखने के लिए अपने कर्मचारियों को नियमित रूप से प्रशिक्षित करती है।

# मैगसन रिटेल ने वित्त वर्ष 2026 में अर्जित किया 11023.88 लाख रुपए का समेकित राजस्व

**जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज**

गुजरात के अहमदाबाद आधारित मैगसन रिटेल एंड डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 के वार्षिक वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं। 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 6886.93 लाख रुपए के मुकाबले 11023.88 लाख रुपए का कुल समेकित राजस्व अर्जित किया है। 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 में कंपनी ने 85.11 लाख रुपए का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।

**कारोबारी गतिविधियां :** कंपनी के स्टोर्स वर्ष 2009 से ही संचालित हैं और गुणवत्ता युक्त उत्पादों की आपूर्ति एवं अच्छी सर्विस के चलते कंपनी का ब्रांड 'मैगसन' गुजरात राज्य में अच्छी तरह से लोकप्रिय हो गया है। वर्तमान में कंपनी गॉरमे फूड्स, फ्रोजन फूड्स और स्पेशलिटी फूड्स की रिटेल बिक्री एवं डिस्ट्रीब्यूशन का काम करती है। मैगसन रिटेल एंड डिस्ट्रीब्यूशन की उत्पाद श्रेणी शाकाहारी और मांसाहारी फ्रोजन फूड्स, प्रीमियम पनीर और डेयरी उत्पाद,विदेशी सब्जियां और फल, एंबियेंट उत्पाद, आयातित/ लक्जरी चॉकलेट और आयातित पैक्ड उत्पाद में शामिल हैं। कंपनी के 40 रिटेल स्टोर/आउटलेट हैं। कंपनी अपने सभी स्टोर पंजीकृत ब्रांड नाम 'मैगसन' के तहत संचालित करती है। ये 40 स्टोर/आउटलेट पूरे पश्चिमी भारत के प्रमुख शहरों में स्थित हैं । कंपनी की स्टोर ठाणे, उदयपुर, गांधीनगर, आणंद, राजकोट, जामनगर और गांधीधाम,सूरत, वडोदरा, भरूच और अहमदाबाद में स्थित हैं। कंपनी के स्टोर में एसकेयू की संख्या 3000 से अधिक है।

# वित्त वर्ष 2026 में 'रुक्मणी देवी गर्ग एग्रो इम्पेक्स लिमिटेड' ने 46071.59 लाख रुपए का राजस्व हासिल किया

**जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज**

राजस्थान के कोटा आधारित - रुक्मणी देवी गर्ग एग्रो इम्पेक्स लिमिटेड' कृषि उत्पादों के आयात और निर्यात, खाद्य प्रसंस्करण और संबंधित सेवाएं प्रदान करने वाली प्रमुख कंपनी है। कंपनी ने 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 के वार्षिक और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणाम प्रस्तुत किए हैं।

31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 32732.32 लाख रुपए के मुकाबले 40.75 फीसदी अधिक 46071.59 लाख रुपए का कुल समेकित राजस्व अर्जित किया है। इसी प्रकार 31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 में कंपनी ने गत वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 757.32 लाख रुपए के मुकाबले 17.30 फीसदी अधिक 888.41 लाख रुपए का समेकित कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है।31 मार्च 2026 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 छमाही में कंपनी ने 15856.46 लाख रुपए का समेकित राजस्व और 425.83 लाख रुपए का समेकित कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया है। वित्त वर्ष 2026 में कंपनी ने 10.01 रुपए का ईपीएस अर्जित किया है।

**कारोबारी गतिविधियां-** 1998 में निगमित रुक्मणी देवी गर्ग एग्रो इम्पेक्स लिमिटेड कृषि उपज प्रसंस्करण उद्योग में संलग्न कंपनी है, जो मुख्य रूप से कृषि उत्पादों के आयात और निर्यात, खाद्य प्रसंस्करण और संबंधित सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करती है।

कंपनी विभिन्न प्रकार की कृषि वस्तुओं के व्यापार, वितरण या निर्माण में संलग्न है और कंपनी का उद्देश्य घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में अपनी सेवाएँ प्रदान करना है। कंपनी मुख्य रूप से राजस्थान और मध्य प्रदेश के 500 से अधिक एजेंटों से गेहूँ, सरसों, धनिया, मक्का, अलसी और सोयाबीन खरीदती है, जो कंपनी को कृषक समुदाय से जोड़ते हैं। 31 मार्च, 2025 तक, कंपनी के पास 20,000 मीट्रिक टन क्षमता वाले 3 गोदाम हैं और 20,000 मीट्रिक टन की कुल क्षमता वाले 2 अतिरिक्त गोदाम पट्टे पर हैं। रीको में कंपनी की प्रसंस्करण क्षमता 2,290 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में स्थापित है और भंडारण क्षमता 3,500 मीट्रिक टन है। 31 मार्च 2025 तक कंपनी के वितरण नेटवर्क में 118 डीलर और वितरक शामिल हैं।

## हेल्थ/लाइफस्टाइल/ एजुकेशन

# AIMBIG OCEANIA 2026 वैश्विक अकादमिक नेताओं, बेहतरीन शोध और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के साथ सफलतापूर्वक संपन्न

**सिडनी | बिज़नेस रेमेडीज**

AIMBIG OCEANIA 2026 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दो-दिवसीय सम्मेलन में दुनिया भर से प्रतिष्ठित शिक्षाविद, शोधकर्ता, उद्योग विशेषज्ञ, इनोवेटर और छात्र एक साथ आए, जहाँ गहन चर्चाएँ हुईं, प्रभावशाली शोध प्रस्तुतियाँ दी गईं और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा मिला।

वैश्विक अकादमिक उत्कृष्टता और अंतर्विषयक नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रबंधन, फिनटेक, साइबर सुरक्षा, डेटा एनालिटिक्स और उभरती हुई तकनीकों के क्षेत्रों में उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली।

**पहले दिन की मुख्य बातें :** उद्घाटन दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध विशेषज्ञों और विचारकों द्वारा भाषण दिए गए : प्रो. ग्लेन विथर्स (AO), ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (ANU) ने वैश्विक आर्थिक परिवर्तन और नीतिगत नवाचार पर एक गहन सत्र प्रस्तुत किया।

प्रो. ब्रूस चैपमैन (AO), ANU ने उच्च शिक्षा सुधारों और भविष्य के अकादमिक ढाँचों पर विस्तार से चर्चा की।

प्रो. कमल दुआ, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया ने अंतर्विषयक स्वास्थ्य सेवा नवाचारों और उनके वैश्विक महत्व पर प्रकाश डाला।

प्रो. ब्रायन ओलिवर, यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी सिडनी (UTS) ने भविष्य के शिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र और शोध उत्कृष्टता पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए।

सम्मेलन में दो मुख्य विषयों–आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रबंधन व फिनटेक–के अंतर्गत 18 ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की गईं। तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता डॉ. राहुल शर्मा और जगदीश सुंदरमूर्ति ने की, जबकि सत्रों के संचालन की ज़िम्मेदारी प्रो. सौरभ बनर्जी और डॉ. श्वेता पारेख ने निभाई। अकादमिक कार्यवाही का संचालन प्रो. डॉ. प्रीति शर्मा के मार्गदर्शन और नेतृत्व में किया गया।




**दूसरे दिन की मुख्य बातें :** दूसरे दिन भी प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय वक्ताओं द्वारा रोचक मुख्य सत्रों का सिलसिला जारी रहा :

चार्ल्स स्टर्ट यूनिवर्सिटी और SCI के डॉ. होम नाथ ढुंगाना ने उभरते हुए तकनीकी शोध और नवाचार पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया।

- JobGen AI की COO और सह-संस्थापक, एलेव्टिना फोकिना ने AI-संचालित कार्यबल परिवर्तन और भविष्य के लिए उद्योग की तैयारियों पर चर्चा की।

JobGen AI के CEO और सह-संस्थापक, कुश भाटिया ने उद्यमिता, AI नवाचार और वैश्विक डिजिटल अवसरों पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। कॉन्फ्रेंस का एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक मील का पत्थर AIMBIG OCEANIA 2026 कॉन्फ्रेंस स्मारिका का औपचारिक विमोचन था, जिसमें दुनिया भर के प्रतिभागियों और सहयोगियों के स्वीकृत शोध पत्र, सारांश, विशेषज्ञों के संदेश और विद्वतापूर्ण योगदान शामिल थे।

इस दिन AI, साइबर सुरक्षा, डेटा एनालिटिक्स, FinTech और प्रबंधन के क्षेत्रों में 12 ऑनलाइन पेपर प्रस्तुतियाँ भी हुईं।

**कॉन्फ्रेंस स्मारिका का विमोचन :** कॉन्फ्रेंस स्मारिका का आधिकारिक विमोचन AIMBIG OCEANIA 2026 के प्रमुख आकर्षणों में से एक रहा। इस प्रकाशन में कॉन्फ्रेंस से जुड़े प्रमुख शोध योगदान, स्वीकृत पत्र, सारांश, विशेषज्ञों के संदेश और शैक्षणिक उपलब्धियों को दस्तावेजित किया गया। विमोचन समारोह में संकाय सदस्यों, सत्र अध्यक्षों, आमंत्रित पेशेवरों, शोधकर्ताओं और प्रतिभागियों ने भाग लिया; यह एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक उपलब्धि थी और वैश्विक शोध प्रसार के प्रति कॉन्फ्रेंस की प्रतिबद्धता का प्रतीक थी।

प्रमुख उपलब्धि - अंतर्राष्ट्रीय MoU पर हस्ताक्षर

AIMBIG OCEANIA 2026 की एक ऐतिहासिक उपलब्धि सिडनी स्थित संगठनों के साथ दो महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय समझौता ज्ञापनों (MoU) पर हस्ताक्षर करना था :

1. JobGen AI Pty Ltd, सिडनी
2. Digital Bridge Solutions Pty Ltd, सिडनी

इन MoU पर JobGen AI के CEO और सह-संस्थापक तथा Digital Bridge Solutions के निदेशक कुशाग्र भाटिया की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इन सहयोगों का उद्देश्य निम्नलिखित माध्यमों से अकादमिक-उद्योग साझेदारी को मजबूत करना है :

संयुक्त शोध परियोजनाएँ और प्रकाशन।

AI-आधारित शिक्षण मॉड्यूल और नवाचार पहल।

छात्रों की इंटर्नशिप और उद्योग-संचालित परियोजनाएँ।

संकाय विकास कार्यक्रम और प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान।

संयुक्त कॉन्फ्रेंस, सेमिनार, कार्यशालाएँ और हैकाथॉन।

इन साझेदारियों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल प्रौद्योगिकियों में शोध को बढ़ावा देकर, छात्रों के कौशल विकास में सुधार करके और मजबूत अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देकर वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

# पुस्तक समीक्षा एवं लोकार्पण समारोह आयोजित

**बीकानेर | बिज़नेस रेमेडीज**

बीकानेर साकेत शिक्षण संस्था एवं टीम धरणीधर द्वारा आयोजित त्रि- पुस्तक समीक्षा एवं लोकार्पण समारोह का आयोजन स्थानीय जनता प्याऊ मार्ग पर स्थित धरणीधर रंगमंच पर गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में साहित्य शिक्षा एवं शोध जगत से जुड़े विद्वानों की उपस्थिति रही।

समारोह में डॉ. मुकेश हर्ष द्वारा रचित तीन पुस्तको भारतीय संस्कृति समाज और पुष्करणा, बीकानेर की छतरियाँ स्थापत्य एवं कलात्मक अध्ययन तथा चूरु जिले का स्थापत्य एवं कलात्मक अध्ययन का विधिवत लोकार्पण अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

आनन्द जोशी ने कहा कि शोध एवं साहित्य समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं ऐसे कार्यों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। सर्वप्रथम बीकानेर की छतरियां स्थापत्य एवं कलात्मक अध्ययन पुस्तक की समीक्षा राजस्थान प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान के डॉ. नितिन गोयल ने की। उन्होंने बताया कि पुस्तक में राज परिवार के साथ गैर शासकीय छतरियों का विवेचन किया गया है जिसमें स्थापत्य के समस्त पहलूओ पर प्रकाश डाला गया है प्राचीन छतरी से लेकर वर्तमान समय में निर्मित छतरियों पर मुगल , राजपूत बंगाली और ब्रिटिश स्थापत्य का प्रभाव स्पष्ट नजर आता है। दूसरी पुस्तक भारतीय संस्कृति समाज और पुष्करणा की समीक्षा डॉ. अमित कुमार व्यास ने की उन्होंने बताया कि बीकानेर में निवास करने वाले लोगों का समाज और संस्कृति को हा बहुत बड़ा अवदान है। इसी तरह स्थानीय समाज व अन्य जातियां जो निवास करती है। उनका अध्ययन किया जाना चाहिए। तीसरी पुस्तक चूरु जिले का स्थापत्य एवं कलात्मक अध्ययन की समीक्षा राजकीय महारानी सुदर्शना महाविद्यालय की सहायक आचार्य सुनीता विश्नोई ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने कहा कि इतिहास को निष्पक्ष दृष्टिकोण से पुनर्लेखन की आवश्यकता है। इस हेतु शिक्षकों और शोधार्थियों को नये दृष्टिकोण से काम करने की आवश्यकता है।

# सिटी पैलेस में विविध पारंपरिक कलाओं का उत्सुकता के साथ प्रशिक्षण ले रहे प्रतिभागी

**जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज**



जयपुर के सिटी पैलेस में चल रहे एक माह के सांस्कृतिक विरासत प्रशिक्षण शिविर में 5 वर्ष की आयु से लेकर विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। शिविर में प्रतिभागियों को राजस्थान की पारंपरिक कला, संगीत, नृत्य, भाषा एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समझने और सीखने का अवसर मिल रहा है। शिविर का आयोजन 18 जून तक महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय, रंगरीत स्टूडियो एवं सरस्वती कला केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों और कला प्रेमियों को राजस्थान की पारंपरिक कला एवं सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ते हुए उनमें अपनी विरासत के प्रति जागरूकता और रुचि विकसित करना है।

शिविर संयोजक एवं वैदिक चित्रकार रामू रामदेव ने बताया कि शिविर में देश के प्रतिष्ठित कलाकार, विद्वान एवं प्रशिक्षक विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सप्ताह के पांच दिन, सोमवार से शुक्रवार नियमित प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जबकि शनिवार एवं रविवार को विशेष कार्यशालाएं एवं पारंपरिक कलाओं पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। शिविर के दौरान वैदिक चित्रकार रामू रामदेव, हेमंत रामदेव एवं बाबूलाल मरोठिया के नेतृत्व में चल रही मिनिएचर पेंटिंग कार्यशाला के प्रशिक्षक हरि नारायण मारोठिया और लक्ष्मी नारायण कुमावत ने बताया कि प्रतिभागियों को सबसे पहले मीनिएचर पेंटिंग की बारीकियों से परिचित कराया गया। शिविर में हैंडमेड पेपर पर राधा-कृष्ण, सवाई जय सिंह और श्रीनाथजी जैसे विभिन्न विषयों की कलाकृतियां बनाना सिखाया जा रहा है।

# मैरिको ने हेयर क्लींजिंग सेगमेंट में प्रवेश किया

**मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज**




भारत की अग्रणी एफ.एम.सी.जी कंपनियों में से एक, मैरिको लिमिटेड ने आज पैराशूट एडवांस्ड प्रोटीन शैंपू लॉन्च किया, जिससे हेयर केयर के सेगमेंट में ब्रांड की पहुँच मजबूत हुई है। इस नए प्रोडक्ट के साथ कंपनी ने हेयर क्लींज़िंग श्रेणी में प्रवेश कर लिया है। यह नई प्रोटीन शैंपू रेंज हेयरकेयर में ब्रांड की स्थिति को और अधिक मजबूत करते हुए कोकोनट मिल्क और प्राकृतिक तत्वों के गुण प्रदान करती है।

मैरिको लिमिटेड के सी.ई.ओ इंडिया कोर बिजनेस, आशीष गोपाल ने कहा मैरिको द्वारा यह लॉन्च पिछले कुछ सालों में कैटेगरी का एक महत्वपूर्ण विस्तार है। यह प्रोडक्ट पैराशूट एडवांस्ड कोकोनट के गुणों को हेयर-क्लींज़िंग फॉर्मेट में लेकर आया है। शैंपू के क्षेत्र में पैराशूट एडवांस्ड का विस्तार एक रणनीतिक कदम है, जिसका उद्देश्य प्रकृति पर केंद्रित समाधानों की ओर ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। यह लॉन्च एक उद्देश्यपूर्ण और कोकोनट पर आधारित इनोवेशन के प्रति मैरिको की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। इससे भारत के 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते हुए पर्सनल केयर सेगमेंट में कंपनी की स्थिति मजबूत होगी, जो हर साल 9 से 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। हेयर क्लींजिंग में पैराशूट एडवांस्ड के प्रवेश ने कंपनी को विकास का एक बड़ा अवसर प्रदान किया है। साथ ही, ब्रांड का विस्तार हेयर-केयर की दिनचर्या में किया है। हमें बाजार में ग्राहकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। हमें विश्वास है कि इस प्रोडक्ट में विकास की दीर्घकालिक क्षमता है।'

## फरारी ने पहली इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार 'लूस' की लॉन्च



**नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज**

इटली की लग्जरी स्पोर्ट्स कार निर्माता फरारी ने अपनी पहली इलेक्ट्रिक स्पोर्ट्स कार 'लूस' लॉन्च कर दी है। यह 4-डोर और 5-सीटर इलेक्ट्रिक GT कार है, जिसे हाई परफॉर्मेंस और प्रीमियम लग्जरी पसंद करने वाले ग्राहकों के लिए तैयार किया गया है। कंपनी के अनुसार कार सिंगल चार्ज पर 530 किलोमीटर तक चलेगी और इसकी टॉप स्पीड 310 किमी प्रति घंटा है। इसकी शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 5.50 लाख यूरो यानी करीब रूपये 6.10 करोड़ रखी गई है। कंपनी ने इसकी बुकिंग दुनियाभर में शुरू कर दी है। हालांकि भारतीय बाजार में इसकी लॉन्चिंग को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन उम्मीद है कि आने वाले समय में इसे इम्पोर्ट रूट के जरिए भारत लाया जा सकता है। इलेक्ट्रिक होने के बावजूद कार में खास 'ऑथेंटिक साउंड' सिस्टम दिया गया है, जो स्पोर्ट्स कार जैसा अनुभव देता है। 'लूस' फरारी की पहली इलेक्ट्रिक कार होने के साथ कंपनी की पहली 5-सीटर कार भी है। इसे एपल के पूर्व डिजाइन चीफ जॉनी इव की कंपनी 'LoveFrom' ने डिजाइन किया है। कार में पीछे की तरफ खुलने वाले सुसाइड डोर्स दिए गए हैं।

# एचपीसीएल और टाटा मोटर्स ने की साझेदारी

**इस्तेमाल हो चुके ऑटोमोटिव लुब्रिकेंट्स के ज़िम्मेदार संग्रह और रीसाइक्लिंग के लिए एक व्यवस्थित और विस्तार योग्य मॉडल का पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने हेतु एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए**



**मुंबई | बीआर न्यूज नेटवर्क**

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL), जो एक महारत्न तेल विपणन कंपनी है, और टाटा मोटर्स, जो भारत की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी है, ने इस्तेमाल हो चुके ऑटोमोटिव लुब्रिकेंट्स के ज़िम्मेदार संग्रह और रीसाइक्लिंग के लिए एक व्यवस्थित और विस्तार योग्य मॉडल का पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने हेतु एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह सहयोग दो प्रमुख भारतीय संगठनों की पूरक शक्तियों को एक महत्वपूर्ण सस्टेनेबिलिटी चुनौती से निपटने के लिए एक साथ लाता है, साथ ही यह भारत के लगातार विकसित हो रह एक्सटेंडेड प्रोड्यूसर रिस्पॉन्सिबिलिटी (ईपीआर) नियमों के पालन में भी मदद करेगी। इस पहल का उद्देश्य इस्तेमाल किए गए लुब्रिकेंट्स–जिन्हें खतरनाक कचरा माना जाता है–के प्रबंधन के लिए एक व्यवस्थित और ट्रैक करने योग्य प्रणाली स्थापित करना है; इसमें इनके संग्रह और भंडारण से लेकर रीसाइक्लिंग तक सब कुछ शामिल है। इस प्रक्रिया से इन्हें उच्च-गुणवत्ता वाले री-रिफाइंड बेस ऑयल में बदला जा सकेगा, जिससे संसाधनों की दक्षता बढ़ेगी और पर्यावरणीय जोखिम कम होगा। उम्मीद है कि यह पायलट प्रोजेक्ट जिम्मेदार कचरा प्रबंधन के लिए नए मानक स्थापित करेगा और भारत को एक चक्रीय, संसाधन-कुशल अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने में सहायता देगा।

इस अवसर पर एचपीसीएल के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर-ल्युब्स, च. श्रीनिवास ने कहा कि , 'प्रयुक्त तेल में वास्तविक चक्रीयता प्राप्त करने की शुरुआत परिष्कृत आधार तेल को तैयार स्नेहकों में पुनः एकीकृत करने से होती है। टाटा मोटर्स के साथ हमारा सहयोग प्रयुक्त तेल चक्रीयता के लिए एक स्केलेबल मॉडल बनाने और परिचालन कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'

वहीं टाटा मोटर्स के हेड- पार्ट्स एंड सर्विसेज, विक्रम अग्रवाल ने कहा, 'इस्तेमाल हो चुके ऑटोमोटिव लुब्रिकेंट को अगर ज़िम्मेदारी से न संभाला जाए, तो इससे पर्यावरण को लंबे समय तक नुकसान पहुँच सकता है। इस चुनौती से निपटने के लिए भरोसेमंद पार्टनर, साफ़ प्रोसेस और बड़े पैमाने पर काम करने की क्षमता की ज़रूरत होती है। HPCL कई मामलों में टाटा मोटर्स का एक भरोसेमंद पार्टनर रहा है, और इस सहयोग से हम व्यवस्थित और ज़िम्मेदार रीसाइक्लिंग की दिशा में एक अहम कदम उठा पाए हैं।

दोनों संगठनों की मिली-जुली ताक़त के साथ, हमारा मानना है कि यह पायलट प्रोजेक्ट पूरे इंडस्ट्री में इसे अपनाने के लिए एक मज़बूत नींव रखने में मदद कर सकता है।' इस साझेदारी के तहत एचपीसीएल अधिकृत चैनलों के माध्यम से इस्तेमाल किए गए लुब्रिकेंट्स के संग्रह और परिवहन का काम संभालेगा तथा उन्हें पंजीकृत रिसाइक्लर्स तक पहुंचाएगा। वहीं टाटा मोटर्स अपने व्यापक अधिकृत सर्विस नेटवर्क का लाभ उठाकर, अपने पूरे इकोसिस्टम में व्यवस्थित संग्रह को सक्षम बनाएगी और ज़िम्मेदार निपटान प्रथाओं को बढ़ावा देगी। यह पायलट प्रोजेक्ट देश के कुछ चुनिंदा राज्यों में शुरू किया जाएगा। इसकी निगरानी और भविष्य में विस्तार की संभावनाओं का मूल्यांकन दोनों कंपनियों की संयुक्त समिति करेगी।

## टीवीएस मोटर कंपनी को 'ड्यूरेबल कंज्यूमर गुड्स' श्रेणी में वैश्विक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ

**बेंगलुरु | बिजनेस रेमेडीज**

टीवीएस वेणु समूह का हिस्सा टीवीएस मोटर कंपनी को जर्मनी की अग्रणी बिजनेस साप्ताहिक पत्रिका विर्टशाफ्ट्सवोचे की प्रकाशित वार्षिक 'बेस्ट स्टॉक्स इन द वर्ल्ड' रैंकिंग में 'ड्यूरेबल कंज्यूमर गुड्स' श्रेणी में वैश्विक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह रैंकिंग बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की वैल्यू क्रिएटर्स विश्लेषण रिपोर्ट पर आधारित है।

साल 1926 में स्थापित विर्टशाफ्ट्सवोचे, जो इस वर्ष अपना शताब्दी वर्ष मना रही है, जर्मनी की सबसे बड़ी साप्ताहिक बिजनेस पत्रिका है। इसे जर्मनी, ऑस्ट्रिया और स्विट्जरलैंड के वरिष्ठ कॉर्पोरेट अधिकारियों, संस्थागत निवेशकों और उद्योग जगत के निर्णयकर्ताओं द्वारा व्यापक रूप से पढ़ा जाता है। इसकी वार्षिक 'बेस्ट स्टॉक्स इन द वर्ल्ड' रैंकिंग जर्मन भाषी क्षेत्रों में सूचीबद्ध कंपनियों के सबसे प्रतिष्ठित विश्लेषणों में मानी जाती है। इस स्वतंत्र अध्ययन में दुनिया भर की 35 इंडस्ट्री श्रेणियों की 2,000 से अधिक सूचीबद्ध कंपनियों का मूल्यांकन किया गया। वर्ष 2021 से 2025 के पांच वर्षीय अवधि में टीवीएस मोटर कंपनी ने औसतन लगभग 51 प्रतिशत वार्षिक टोटल शेयरधारक रिटर्न (टीएसआर) दर्ज किया, जो उसकी वैश्विक श्रेणी में सबसे अधिक रहा। इस प्रदर्शन में कंपनी ने जापान, चीन, अमेरिका और भारत की स्थापित कंपनियों को पीछे छोड़ दिया।

विश्लेषण के अनुसार, टीवीएस मोटर का यह शानदार प्रदर्शन मुख्य रूप से मजबूत राजस्व वृद्धि (22 प्रतिशत अंक) और प्रीमियम मार्केट वैल्यूएशन (18 प्रतिशत अंक) के कारण रहा। इसके साथ ही लाभप्रदता में सुधार और बैलेंस शीट की निरंतर मजबूती ने भी अहम भूमिका निभाई। अध्ययन में यह भी कहा गया कि यह प्रोफाइल उन कंपनियों के मानकों से मेल खाती है जो लाभदायक, विकासोन्मुख और वित्तीय रूप से अनुशासित होती हैं तथा बाजार की अस्थिर परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता रखती हैं।

प्रोफेसर सर राल्फ स्पेथ, चीफ मेंटर, टीवीएस मोटर कंपनी ने कहा, 'विर्टशाफ्ट्सवोचे और बीसीजी द्वारा मिला यह सम्मान चेयरमैन सुदर्शन वेणु की स्पष्ट रणनीतिक दृष्टि के निरंतर और प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। कंपनी के प्रति उनका जुनून, बाजार और ग्राहकों की गहरी समझ, नई तकनीकों के प्रति खुलापन और कर्मचारियों के प्रति संवेदनशीलता एक ऐसी मूल्य-आधारित कार्य संस्कृति का निर्माण करती है, जहां रचनात्मकता और उत्कृष्ट प्रदर्शन को बढ़ावा मिलता है। सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति उनका मजबूत समर्पण भी उतना ही प्रेरणादायक है। 'टीवीएस वे' की इसी सोच और उत्कृष्ट कॉर्पोरेट नेतृत्व के तहत टीवीएस टीम हर वर्ष पर्यावरण संरक्षण, उत्पाद गुणवत्ता और नवाचार के लिए कई अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीत रही है।



# HMD Vibe 2 5जी स्मार्टफोन की बिक्री हुई शुरू

**नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज**

HMD ने हाल ही में भारत में अपना नया बजट 5जी फोन लॉन्च किया था। इस फोन को कंपनी ने HMD Vibe 2 5जी के नाम से पेश किया। जैसा कि कंपनी ने वादा किया था ये फोन पिछले साल के Vibe 5जी का अपग्रेडेड मॉडल है। वहीं, 26 मई से फोन की पहली सेल शुरू हुई जिसे grahak Flipkart से खरीद सकते हैं। फोन में 6.745-इंच की HD+ LCD डिस्प्ले, 120Hz तक का रिफ्रेश रेट सपोर्ट और कई कमाल के फीचर्स मिल रहे हैं। कीमत की बात करें तो HMD Vibe 2 5जी के 4 जीबी + 64 जीबी वेरिएंट की कीमत 10,999 रुपये से शुरू होती है, जबकि इसके 4 जीबी + 128 जीबी वाले मॉडल की कीमत 11,999 रुपये है। डिवाइस को आप कॉस्मिक लैवेंडर, नॉर्डिक ब्लू और पीच पिंक कलर में खरीद पाएंगे।

**विविध**

# श्रीराम जनरल इंश्योरेंस और पिरामल फाइनेंस ने की रणनीतिक साझेदारी

**पूरे भारत में वित्तीय सुरक्षा और बीमा की पहुँच को मज़बूत बनाने का लक्ष्य**




**नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज**

श्रीराम जनरल इंश्योरेंस (एसजीआई) ने भारत की प्रमुख रिटेल-पर फोकस करने वाली अपर-लेयर एनबीएफसी पिरामल फाइनेंस के साथ एक रणनीतिक कॉरपोरेट एजेंसी साझेदारी की घोषणा की। इसका उद्देश्य खासतौर पर कस्बों और ग्रामीण बाजारों में बीमा समाधान तक पहुंच बेहतर बनाना है। इस साझेदारी के तहत एसजीआई, पिरामल फाइनेंस के व्यापक ब्रांच नेटवर्क और ग्राहक पहुंच का उपयोग करते हुए 26 राज्यों में फैली पिरामल फाइनेंस की 701 शाखाओं और 13,000 से अधिक पिन कोड क्षेत्रों में अपने विभिन्न बीमा उत्पाद उपलब्ध कराएगी।

यह साझेदारी दोनों संगठनों की उस साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिसके तहत वे ग्राहकों के लिए बीमा समाधानों को अधिक आसान और उपयोगी बनाना चाहते हैं। इससे लोग अपनी संपत्तियों, आजीविका और दीर्घकालिक वित्तीय सुरक्षा को सुरक्षित रख सकें। श्रीराम जनरल इंश्योरेंस के इस उद्योग में लंबे अनुभव, ग्राहक आधारित नजरिया और वर्षों में बनाए गए भरोसे को पिरामल फाइनेंस के अभिनव 'हाई टेक + हाई टच' मॉडल के साथ जोड़कर यह साझेदारी विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा समाधानों तक लोगों को आसान और सुविधाजनक पहुंच उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखती है।

साझेदारी पर बोलते हुए पिरामल फाइनेंस लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री जयराम श्रीधरन ने कहा, 'हम श्रीराम जनरल इंश्योरेंस के साथ साझेदारी कर अपने ग्राहक आधार तक बीमा समाधानों की पहुंच बढ़ाने को लेकर प्रसन्न हैं। विशेष रूप से कस्बाई और ग्रामीण बाजारों में। भारत के कई हिस्सों, विशेष रूप से छोटे शहरों में बीमा की पहुंच अभी भी कम है। वहां आसान तथा अधिक समावेशी सुरक्षा समाधानों की जरूरत है।

हमारे कई ग्राहकों के साथ हुई कोई एक अप्रत्याशित घटना परिवार को गंभीर रूप से पीछे धकेल सकती है। इसलिए बीमा सिर्फ एक उत्पाद नहीं, बल्कि लोगों की मेहनत से बनाई गई संपत्तियों को सुरक्षित करने का माध्यम है। इस साझेदारी के जरिए हम अपने व्यापक शाखा नेटवर्क और जमीनी उपस्थिति के माध्यम से बीमा उत्पादों को ग्राहकों के नजदीक लाना चाहते हैं ताकि यह प्रक्रिया सरल, भरोसेमंद और सुलभ हो। एक कंपनी के रूप में हम इसे अपनी जिम्मेदारी का विस्तार मानते हैं। इसके जरिए हम अपने ग्राहकों के साथ सिर्फ उनकी प्रगति में ही नहीं, बल्कि उनकी सुरक्षा में भी साथ खड़े रह सकने में सक्षम होंगे।'

श्रीराम जनरल इंश्योरेंस कंपनी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और सीएमओ श्री आफताब अल्वी ने कहा, 'हम पिरामल फाइनेंस के साथ साझेदारी कर अपनी वितरण क्षमताओं को और मजबूत करने के साथ एक विशाल ग्राहक वर्ग तक समग्र बीमा समाधान पहुंचाने की बनी इन नई संभावनाओं को लेकर बेहद खुश हैं।

यह सहयोग हमारे ग्राहक-केंद्रित उत्पादों और पिरामल फाइनेंस की व्यापक पहुंच एवं ग्राहक नेटवर्क को एक साथ लाता है। इससे हम विशेष रूप से उन उभरते और कम सेवा वाले बाजारों में बीमा की पहुंच बढ़ा सकेंगे। हमें विश्वास है कि यह साझेदारी वित्तीय सुरक्षा को मजबूत करने, जागरूकता बढ़ाने और ग्राहकों को बेहतर मूल्य प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएगी। यह टिकाऊ विकास और व्यापक बीमा समावेशन को समर्थन देने वाली मजबूत रणनीतिक साझेदारियां बनाने की हमारी निरंतर प्रतिबद्धताओं का प्रतीक है।'

## अमेजन डॉट इन पर मेगा क्रिकेट फेस्टिवल लाइव होने के साथ ही शुरू हुआ शॉपिंग का सुपर ओवर

**बेंगलुरु | बिजनेस रेमेडीज**

जैसे-जैसे क्रिकेट का सीजन अपने रोमांचक मोड़ पर पहुंच रहा है, अमेजन डॉट इन पर मेगा क्रिकेट फेस्टिवल क्रिकेट की जरूरी चीजों, फिटनेस गियर, फैन मर्चेंडाइज और होम एंटरटेनमेंट पर शानदार डील्स लेकर आया है। चाहे गली क्रिकेट मैच के लिए तैयारी करनी हो, अपने खेल को निखारने के लिए ट्रेनिंग करनी हो, अपनी किट को अपग्रेड करना हो या हर मैच के लिए एकदम सही व्यूइंग एक्सपीरियंस सेट करना हो, ग्राहक एसजी, डीएससी, कॉकटू, बोल्डफिट, निविया और प्लेआर सहित टॉप ब्रांडों के एआई-क्यूरेटेड बड़े सिलेक्शन से खरीदारी कर सकते हैं, जिसमें क्रिकेट से प्रेरित एक्सेसरीज और कलेक्टिबल्स भी शामिल हैं।शानदार डील्स के अलावा, अमेज़न के एआई-संचालित शॉपिंग टूल्स सही प्रॉडक्ट्स को खोजना पहले से कहीं ज्यादा आसान बना देते हैं। उलझन में हैं कि अभी शुरुआत करने वाले दस साल के बच्चे के लिए कौन सा बल्ला सही रहेगा, या वेट ट्रेनिंग के लिए कौन से जिम ग्लव्स सही ग्रिप देते हैं? अपनी जरूरतों के हिसाब से अंग्रेजी और हिंग्लिश सहित अन्य भारतीय भाषाओं में तुरंत और खास रेकमेंडेशन पाने के लिए रूफस से पूछें।

कोई कलेक्टिबल या किट बैग पसंद आया और आप वैसा ही कुछ और देखना चाहते हैं? 'मुझे 2000 रुपये के अंदर क्रिकेट की थीम वाले कमरे की सजावट का सामान और फैंस के लिए कलेक्टिबल्स दिखाओ।' या 'अगले मैच के दिन के लिए फैन एक्सेसरीज और क्रिकेट मर्चेंडाइज दिखाओ।' जैसे प्रॉम्प्ट्स आज़माएं। लेंस एआई इसे तुरंत ढूंढने में आपकी मदद कर सकता है, इसके लिए ब्रांड का नाम या सटीक प्रॉडक्ट टाइटल जानने की जरूरत नहीं है। रिव्यू हाइलाइट्स हजारों कस्टमर रिव्यूज को आसान बनाकर सबसे जरूरी चीजों को सामने लाता है, चाहे वह टीवी पर पिक्चर क्लैरिटी और साउंड क्वालिटी हो या योग मैट पर ड्यूरेबिलिटी, जिससे खरीदारों को बड़े फैसले आत्मविश्वास के साथ लेने में मदद मिलती है। जब कोई डील आपका ध्यान खींचे, तो प्राइस हिस्ट्री ट्रैक करती है कि समय के साथ किसी प्रॉडक्ट की कीमत में क्या बदलाव आए हैं, ताकि आप यह जानते हुए शॉपिंग कर सकें कि आपको बेहतरीन वैल्यू मिल रही है। इस क्रिकेट सीजन में, अमेज़न के एआई टूल्स को रिसर्च करने दें और आप अपना पूरा ध्यान गेम पर रखें। मैच-डे की जरूरी चीजों से लेकर क्रिकेट गियर और फिटनेस मस्ट-हैव्स तक, मेगा क्रिकेट फेस्टिवल में हर क्रिकेट प्रेमी के लिए कुछ न कुछ है।

# जयन्त चौधरी ने 2026 ताइपे कैपिटल कप वर्ल्डस्किल्स इनविटेशनल टूर्नामेंट के लिए भारतीय दल को रवाना किया

**नई दिल्ली | बिजनेस रेमेडीज**

भारत सरकार के माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने ताइपे, ताइवान में 26 से 28 मई 2026 तक आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक और तकनीकी कौशल प्रतियोगिता, 2026 ताइपे कैपिटल कप वर्ल्डस्किल्स इनविटेशनल टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारतीय दल को रवाना किया। पांच सदस्यों वाला भारतीय दल जो भविष्य के ग्लोबल चैंपियन हैं, वे वर्ल्ड स्किल्स शंघाई 2026 से पहले वार्म-अप इवेंट के तौर पर आयोजित इस टूर्नामेंट में लगभग 15 देशों के प्रतिभागियों के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे।

यह प्रतियोगिता ग्लोबल स्किल डेवलपमेंट, टेक्निकल एक्सीलेंस, इंटरनेशनल कोलैबोरेशन और वर्कफोर्स इनोवेशन को बढ़ावा देती है। इसके साथ ही यह प्रतिभागियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वास्तविक दुनिया का प्रतिस्पर्धी अनुभव प्राप्त करने में मदद करती है। इस अवसर पर कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) की सचिव देवश्री मुखर्जी, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर अरुणकुमार पिल्लई और साथ ही मंत्रालय और एनएसडीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयन्त चौधरी ने प्रतियोगियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और उत्कृष्टता के साथ भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्लोबल बेस्ट प्रैक्टिस और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता मानकों से सीखने के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया।



उन्होंने कौशल प्रतियोगिताओं के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएँ न केवल तकनीकी क्षमताओं को निखारती हैं, बल्कि भारत के स्किलिंग इकोसिस्टम को भी मज़बूत करती हैं और देश के युवाओं को उभरते वैश्विक अवसरों के लिए तैयार करती हैं।

भारत सरकार के माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शिक्षा राज्य मंत्री श्री जयन्त चौधरी ने कहा कि '2026 ताइपे कैपिटल कप वर्ल्ड स्किल्स कॉम्पिटिशन से पहले टीम इंडिया के साथ बातचीत करके मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हुई। ये ग्लोबल प्लेटफॉर्म सिर्फ मेडल के बारे में नहीं हैं, बल्कि ऐसे अनुभवों के बारे में हैं जो आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं और जीवन भर याद रहने वाली स्मृतियाँ रचते हैं। हमने अपने युवा प्रतियोगियों को प्रोत्साहित किया कि वे इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएँ, आगे बढ़कर सीखें, मित्रताएँ बढ़ाएँ, साझेदारियाँ कायम करें और अधिक आशा तथा व्यापक दृष्टिकोण के साथ वापस लौटें। टीम इंडिया को बहुत-बहुत शुभकामनाएँ क्योंकि वे वैश्विक मंच पर एक स्किल्ड न्यू इंडिया की भावना, प्रतिभा और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।' भारत 2026 के ताइपे कैपिटल कप वर्ल्डस्किल्स कॉम्पिटिशन में पाँच कौशल श्रेणियों में मुकाबला करेगा। इसमें अर्जुन सुमति विजयभास्कर 'मोबाइल एप्लिकेशन डेवलपमेंट', मोहम्मद मफ़ाज़ पूनाईकन्नन रबी अहमद 'सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन डेवलपमेंट', मुस्कान 'पेंटिंग और डेकोरेटिंग', मोहम्मद सिराज 'ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी' और सुरेश कुमार गणेशन मीना 'डिजिटल कंस्ट्रक्शन' में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस दल में इंडियास्किल्स राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025-26 के गोल्ड मेडल विजेता और साथ ही वाइल्डकार्ड एंट्री प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए उम्मीदवार शामिल हैं। इस वर्ष की प्रतियोगिता में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन से जुड़े ज़रूरी सेक्टर्स में 10 स्किल कैटेगरी शामिल हैं, जिनमें इंडस्ट्रियल मैकेनिक्स, आईटी नेटवर्क सिस्टम्स एडमिनिस्ट्रेशन, मोबाइल एप्लीकेशन डेवलपमेंट, इंडस्ट्री 4.0, ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी और डिजिटल कंस्ट्रक्शन (बीआईएम) शामिल हैं।

प्रकाशक एवं मुद्रक पुनीत जैन द्वारा सिंघवी पब्लिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स सेक्टर नं.11, अग्रवाल फार्म मानसरोवर जयपुर-302020 जयपुर से मुद्रित एवं 217, सैकंड फ्लोर, ओके प्लस स्क्वायर, सेक्टर 7, मानसरोवर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक : पुनीत जैन मो. 9929106227, आर.एन.आई नं.: RAJHIN/2013/54166' पोस्टल रजि. नं. जयपुर सिटी/006/2024-26, E-Mail: remediesbusiness@gmail.com